● जयपुर, शुक्रवार, 10 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 254 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान कार्यकारिणी सभा का हुआ भव्य...

पेज @4 शिक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ दौसा सर्व समाज के...

पेज @8 राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के थिंक टैंक सैम पित्रोदा का नॉर्थ ईस्ट ...

राज्यपाल सलाहकार मण्डल की बैठक में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के आए महत्वपूर्ण सुझाव

## राज्य का सतत और दीर्घकालीन विकास बने प्राथमिकता : राज्यपाल

### राज्यपाल ने कहा, संतुलित और सतत विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करें

चमकता राजस्थान



**जयपुर, (खलील कुरैशी)**। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के संतुलित और सतत विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने सर्वांगीण विकास के अंतर्गत आदिवासी कल्याण, शिक्षा, कृषि, पर्यटन, उद्योग आदि क्षेत्रों में सुनियोजित योजनाओं के जरिए दीर्घकालीन विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का आ''ान किया। उन्होंने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी (सीएसआर) के तहत राज्य के विकास से जुड़े प्रभावी कार्य हाथ में लेकर उनके क्रियान्वयन की भी आवश्यकता जताई। राज्यपाल श्री मिश्र गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल सलाहकार मण्डल की बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सलाहकार मंडल के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों के सुझाव आमंत्रित कर उनके आधार पर प्रदेश के सतत, स्थायी और चहुंमुखी विकास के लिए कार्य किए जाने की पहल की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व की बैठकों में आए सुझावों के विश्वविद्यालयी शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में लागू करने से सकारात्मक परिणाम भी आए हैं। उन्होंने बैठक में राजस्थान में उपलब्ध संसाधनों का समुचित दोहन कर प्रदेश के युगानुकुल विकास के लिए कार्य किए जाने, उद्यमिता विकास के लिए प्रयास बढ़ाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजभवन स्तर पर राज्यपाल राहत कोष के पुनर्गठन, जनजातीय क्षेत्रों के प्रभावी विकास, आदिवासी क्षेत्रों के टिकाऊ विकास से जुड़े मुद्दों की मॉनिटरिंग के लिए राजभवन स्तर पर जनजातीय एकक की स्थापना की गई है। राजभवन में देश का पहला संविधान उद्यान निर्मित किया गया है। राज्य सलाहकार समिति के सदस्यों ने बैठक में वनस्थली विद्यापीठ की तर्ज पर आदिवासी क्षेत्र में महिला विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने का भी विशेष रूप से सुझाव दिया। आर. एन. माथुर, अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा, शिक्षाविद प्रो. एके गहलोत और डा. विश्वपति त्रिवेदी ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए अपने सुझाव दिए। राज्यपाल सलाहकार मंडल के सदस्यों ने राजभवन द्वारा नई शिक्षा नीति के आलोक में शैक्षिक गुणवत्ता के लिए किए गए कार्यों और राज्यपाल स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं मॉनिटरिंग कर विकास के लिए प्रभावी वातावरण निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राजभवन में देश के पहले संविधान पार्क की स्थापना की पहल को भी महत्वपूर्ण बताया गया।

राजभवन स्तर पर प्रस्ताव भिजवाए जाने का भी सुझाव आया। उच्च और तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत प्रशिक्षित मानव संसाधन के लिए उद्योग एकेडमिया लिंक स्थापित करने, वित्तीय साक्षरता पर कार्य करने और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम विकसित करते हुए पूरी तरह से ई गवर्नेस लागू करने के महती सुझाव दिए गए। राज्य सलाहकार मंडल ने राज्य के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए समन्वित प्रयास किए जाने, राजस्थान से बाहर के राज्यों के लघु और मध्यम, सूक्ष्म लघु उद्योगों की राज्य में स्थापना, उद्यमिता को केंद्र में रखकर कार्य करने और उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए विभिन्न स्तरों पर कदम उठाए जाने पर भी जोर दिया। बैठक में टीएमआई समूह के चेयरमैन टी. मुरलीधरन, एचआरएच ग्रुप के निदेशक लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, वरिष्ठ अधिवक्ता आर. एन. माथुर, अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा, शिक्षाविद प्रो. एके गहलोत और डा. विश्वपति त्रिवेदी ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए अपने सुझाव दिए। राज्यपाल सलाहकार मंडल के सदस्यों ने राजभवन द्वारा नई शिक्षा नीति के आलोक में शैक्षिक गुणवत्ता के लिए किए गए कार्यों और राज्यपाल स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं मॉनिटरिंग कर विकास के लिए प्रभावी वातावरण निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राजभवन में देश के पहले संविधान पार्क की स्थापना की पहल को भी महत्वपूर्ण बताया गया। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल द्वारा आरंभ में विषय प्रवर्तन कर सुझाव रखने के लिए सदस्यों को आग्रह किया गया। बैठक में प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

### 13 मई को पीएम मोदी काशी में करेंगे रोड शो

**काशी/एजेंसी**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से बीजेपी के सांसद प्रत्याशी हैं। वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन भरने से पहले पीएम मोदी रोड करेंगे। इस रोड शो का पूरा रोड मैप आ गया है। इस रोड शो के रोड मैप विशेष तौर पर तैयार किया गया है। 13 मई को होने वाले इस रोड शो में मिनी इंडिया की झलक देखने को मिलने वाली है। इस रोड की आधाकारिक पुष्टि बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल की ओर से की गई है। पीएम मोदी 13 मई को रोड शो करेंगे और उसके अगले दिन यानी 14 मई को वाराणसी संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गंगा किनारे बसे महादेव के इस शहर काशी में मोदी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए एक बार फिर जनता के नजदीक जाकर उनसे मिलेगें। इसको लेकर रोड शो का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इस रोड की जिम्मेदारी सुनील बंसल को दी गई है।

## राजस्थान के 17 जिलों में हीटवेव का अलर्ट, जैसलमेर में सड़कों पर पानी का छीडकाव जारी

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के 17 जिलों में हीटवेव का येलो और ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, 10 मई से राजस्थान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे 16 जिलों में बारिश की संभावना है। इससे पहले बुधवार को जयपुर समेत राजस्थान के कई शहरों में तेज गर्मी के साथ उमस रही। जैसलमेर में गर्मी से बचने के लिए प्रशासन की ओर से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। कल सीजन में पहली बार राजस्थान में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। तेज गर्मी और हीटवेव को देखते हुए कई जिलों में कलेक्टर ने स्कूल की टाइमिंग को कम कर दिया। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर में अगले 48 घंटे के दौरान गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई है। मौसम केंद्र जयपुर निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया 10 तारीख से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जैसलमेर में सड़कों पर पानी का छिड़काव; सीजन में पहली बार 46 डिग्री पहुंचा तापमान



**अब आगे क्या?**

» बारां, भरतपुर दौसा, धौलपुर, जयपुर झुंझुनू, करौली, कोटा, सीकर, बाड़मेर, चूरू, हनुमानगढ़, नागौर, श्रीगंगानगर में हीटवेव का येलो अलर्ट हैं। वहीं, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राज्य के कुछ भागों में दोपहर बाद बारिश के साथ आंधी व हल्की बारिश की संभावना है। अजमेर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, बूंदी, वित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, सि-रोही, उदयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर नागौर और पाली में बारिश हो सकती है।। आंधी बारिश की गतिविधियों 11 व 13 मई को भी कुछ भागों में जारी रहने व कहीं-कहीं तेज आंधी 50 चाश्वद्ध चलने की भी आशंका हैं। इससे राज्य के तापमान में 2 से 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

## भारत में हिंदुओं की जनसंख्या में बड़ी गिरावट

नई दिल्ली/एजेंसी

देशभर में पिछले 65 साल में हिंदुओं की आबादी में 8% कम आई है। जबकि इस दौरान मुस्लिम आबादी 9.84% से बढ़कर 14.09% हो गई। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी का देशभर में विश्लेषण' नाम से एक रिपोर्ट जारी हुआ कि पारसी और जैन समुदाय को छोड़ दें तो भारत के सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी में कुल 6.58% का इजाफा हुआ है। देश की आजादी के बाद से 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी कम हुई है। 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी 7.82% घट गई है। जहां मुस्लिमों की आबादी में ऑवरऑल 43.15% का इजाफा देखने को मिला है। इस तरह मुस्लिमों की 1950 में 9.84% रही आबादी 14.09% पर पहुंच गई है। वहीं, ईसाई धर्म के लोगों

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हिंदू आबादी 1950 में 84.68% थी, जो 2015 तक घटक र 78.06% हो गई। इस दौरान मुस्लिम आबादी का हिस्सा 1950 में 9.84% से बढ़कर 2015 में 14.09% हो गया। आजादी के तीन साल बाद ईसाई समुदाय की देश में आबादी 2.24% थी, जो 2015 में बढ़कर 2.36% हो गई। 1950 में सिख समुदाय के लोगों की संख्या देश में 1.24% थी, जिसमें इजाफा देखने को मिला और 2015 तक वे 1.85% हो गए।

इस दौरान बौद्ध धर्म के अनुयायियों की संख्या भी बढ़ी है। बौद्ध आबादी की हिस्सेदारी में 1950 में 0.05% से 2015 आते-आते 0.81% की उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। इस दौरान जैन समुदाय की हिस्सेदारी 0.45% से घटकर 0.36% हुई, जबकि पारसी आबादी 0.03% से घट-कर 0.004% रह गई।

पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की रिपोर्ट में देश की धार्मिक आबादी की जानकारी दी गई है। इस रिपोर्ट को ईएसी-पीएम की सदस्य शमिका रवि, ईएसी-पीएम के कंसल्टेंट अपूर्व कुमार मिश्रा और ईएसी-पीएम के प्रोफेशनल अब्राहम जोस ने तैयार किया है। रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है कि देश में समाजिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण मिल रहा है।



## वैजयंतीमाला, चिरंजीवी, दिवंगत न्यायाधीश एम. फातिमा बीवी पद्म पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरे जमाने की अभिनेत्री वैजयंतीमाला बाली, तेलुगू अभिनेता कोनिडेला चिरंजीवी, उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश (दिवंगत) एम फातिमा बीवी और ''बॉम्बे समाचार'' के मालिक एच. एन. कामा समेत अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को बृहस्पतिवार को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ओ. राजगोपाल, लद्दाख के दिवंगत आध्यात्मिक नेता तोगदान रिनपोचे तथा तमिल अभिनेता दिवंगत ''कैप्टन'' विजयकांत (दोनों मरणोपरांत), गुजराती समाचार पत्र ''जन्मभूमि'' के समूह संपादक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुंदन व्यास को भी पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वैजयंतीमाला (90) और चिरंजीवी (68) को पद्म विभूषण से नवाजा गया, वहीं बीवी, कामा, राजगोपाल, विजयकांत, रिनपोचे और व्यास को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। बीवी, विजयकांत और रिनपोचे के परिवार के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

## केजरीवाल लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करेंगे या नहीं? सुप्रीम कोर्ट फैसला आज

**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले एक महीने से भी ज्यादा वक्त से जेल में बंद हैं. प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था. वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं. अरविंद केजरीवाल ने एऊद्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी की वैधता को कोर्ट में चुनौती दी है. ट्रायल कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. इन सबके बीच केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए फौरी राहत देने की मांग की थी. शीर्ष अदालत में उनकी इस मांग पर सुनवाई चली.

# नासूर बनते बाल विवाह

हमारे देश में प्राचीन समय से कुछ ऐसी प्रथाएं चली आ रही हैं, जिनका लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इनमें बाल विवाह भी एक हैं। किसी भी बच्चे की शादी उसके निश्चित आयु से पहले यानी बाल्यकाल में होना बाल विवाह कहलाता है। यह एक रूढ़िवादी प्रथा है। यह प्रथा बच्चों की सारे मनवा अधिकारों को खत्म कर देता है। जैसे– खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि के अधिकारों को समाप्त कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है। प्राचीन सभी प्रथाओं में बाल विवाह सबसे बड़ा कुप्रथा है, क्योंकि कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास के साथ–साथ उनके खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है। साथ ही वह अपने शिक्षा और खेलकूद के अधिकारों आदि से वंचित रह जाते हैं। इस कुप्रथा का शिकार ज्यादातर कम उम्र की लड़कियां होती है। बाल्यकाल में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी–बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे–छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है।

भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है। लेकिन देश में पांच लड़कियों में से एक और छह लड़कों में से एक की अभी भी बचपन में शादी कर दी जाती है। हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। दिसंबर 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में क बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया। जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई। सबसे कम कमी 2016 से 2021 के बीच हुई। इन बाद के वर्षों के दौरान छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में बालिका विवाह में वृद्धि देखी गई। आंकड़ों से साफ है कि आजादी के 77 साल बाद भी इस देश में महिलाओं की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। हम अपनी बेटियों को बाल विवाह और कम उम्र की गर्भावस्था से नहीं बचा पाए हैं। यही कारण है कि इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे एनीमिया (रक्ताल्पता) के शिकार हैं। यूनिसेफ द्वारा जारी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत में बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन कई प्रदेशों में यह प्रथा अब भी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की यह कुप्रथा आदिवासी समुदायों सहित कुछ विशेष जातियों के बीच प्रचलित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बालिका शिक्षा की दर में सुधार, किशोरियों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा किये गए निवेश व कल्याणकारी कार्यक्रम और इस कुप्रथा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रभावी संदेश देने जैसे कदमों के चलते बाल विवाह की दर में कमी देखने को मिली है। यूनिसेफ के अनुसार अन्य सभी राज्यों में बाल विवाह की दर में गिरावट लाए जाने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। किंतु कुछ जिलों में बाल विवाह का प्रचलन अब भी उच्च स्तर पर बना हुआ है। यह रिपोर्ट हमारे सामाजिक जीवन के उस स्याह पहलू कि ओर इशारा करती हैं। जिसे अक्सर हम रीति–रिवाज व परम्परा के नाम पर अनदेखा करते हैं। देश में बाल विवाह के खिलाफ कानून बने हैं और समय–समय पर उसमें संशोधन कर उसे ओर प्रभावशाली बनाया गया हैं। फिर भी लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। भारत में बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम सन्‌ 1929 में पारित किया गया था। बाद में सन्‌ 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किये गए। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने पर 2 साल की जेल व एक लाख रुपए का दंड निर्धारित किया है। अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नहीं हो पा रहा है, तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बाल विवाह रोकने के प्रति जागरुकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा।

# सशक्त राष्ट्र निर्माण का अद्भुत संदेश



रमेश शर्मा

परशुराम जी का अवतार भगवान नारायण का पहला पूर्ण अवतार है, जो सर्वाधिक व्यापक और प्रचंड है। संसार का ऐसा कोई कोना, कोई क्षेत्र या कोई देश ऐसा नहीं जहां भगवान परशुराम जी की स्मृति या चिह्न नहीं मिलते हों। उन्होंने शांति और मानवता की स्थापना के लिए पूरी पृथ्वी की सतत यात्राएं की। विश्व में वैदिक आर्य संस्कृति की स्थापना का आधार भगवान परशुराम जी ही हैं। भगवान परशुराम जी का चरित्र वैदिक और पौराणिक इतिहास में सबसे व्यापक है। उन्हें नारायण के दशावतार में छठे क्रम पर माना गया। वे पहले पूर्ण अवतार हैं। वे चिरंजीवी हैं। उनकी उपस्थित हरेक युग में मिलती है। उनका अवतार सतयुग के समापन और त्रेता आरंभ के संधि क्षण में हुआ। अर्थात सतयुग के समापन और त्रेता आरंभ के निमित्त भगवान परशुराम जी हैं। वह वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि थी। उनका अवतार अक्षय है इसलिए उनके अवतार दिवस की यह तिथि "अक्षय तृतीया" कहलाई। इस तिथि का प्रत्येक पल शुभ होता है। इस तिथि पर किसी भी कार्य आरंभ के लिये शुभ मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। उनका अवतार एक प्रहर रात्रि के शेष रहते हुआ इसलिये यह क्षण ब्रह्म मुहूर्त कहलाया। उनकी उपस्थिति सतयुग के समापन से आरंभ होकर कलियुग के अंत तक रहने वाली है। इतना व्यापक और कालजयी चरित्र किसी देवता, ऋषि अथवा अवतार का नहीं है। उन्होंने ही वह शिव धनुष राजा जनक को दिया था जिसे भंग करके रामजी ने माता सीता का वरण किया। परशुराम जी ने ही परीक्षा लेने के बहाने विष्णु धनुष रामजी को दिया था। इसी धनुष से लंकापति रावण का उद्धार हुआ। संदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र और गीता का ज्ञान भी देने वाले भी परशुराम जी हैं। यह उल्लेख भी पुराणों में है कि धर्म रक्षा के लिए कलयुग में जब कल्कि नारायण का कल्कि अवतार होगा तब उन्हें शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान देने के निमित्त भी भगवान परशुराम जी ही होंगे। भगवान परशुराम जी का अवतार ऋषिकुल में हुआ है। पिता महर्षि जमदग्नि हैं और माता देवी रेणुका हैं। महर्षि जमदग्नि आदिऋषि महर्षि भृगु के वंशज हैं तो देवी रेणुका सूर्यवंशी प्रतापी सम्राट राजा रेणु की पुत्री हैं। भगवान परशुराम जी पांच भाई और एक बहन हैं। भगवान्‌ परशुराम जी के सात गुरु हैं। पहली गुरु माता रेणुका हैं, दूसरे गुरु पिता महर्षि जमदग्नि। तीसरे गुरु महर्षि चायमान, चौथे गुरु महर्षि विश्वामित्र, पांचवें गुरु महर्षि वशिष्ठ, छठवें गुरु भगवान्‌ शिव और सातवें गुरु भगवान्‌ दत्तात्रेय हैं। भगवान शिव की भक्ति तो पूरा संसार करता है पर उनके एकमात्र शिष्य भगवान्‌ परशुराम जी हैं। उन्हें चिर यौवन अर्थात वे कभी वृद्ध नहीं होंने, मन व्यापक गति से संसार का भ्रमण करने का वरदान और धर्म की स्थापना के लिए दिव्य परशु भगवान शिव ने ही प्रदान किया था।

उन्हें "श्रीविद्या" का ज्ञान भगवान दत्तात्रेय से प्राप्त हुआ जो उन्होंने संसार को दिया। शक्ति की उपासना भी भगवान परशुराम जी से आरंभ हुई। भगवान परशुराम जी ने ही शक्ति आराधना का ज्ञान महर्षि सुमेधा को दिया। आगे चलकर महर्षि सुमेधा ने शक्ति साधना के ग्रंथ रचे। दुर्गा सप्तशती उसी का अंश है। भगवान परशुराम जी के ज्ञान, साधना, शक्ति, ओजस्विता और तेजस्विता के आगे कोई नहीं ठहर पाया। उनके आगे चारों वेद चलते हैं। पीठ पर अक्षय तीरों से भरा तूणीर है। एक हाथ में शस्त्र हैं तो दूसरे में शास्त्र। वे श्राप देने और दंड देने दोनों में समर्थ हैं। यह क्षमता किसी अन्य अवतार अथवा या ऋषि में नहीं है। उन्होंने प्रत्यक्ष युद्ध करके आतताइयों का हनन किया है, तप करके शिवजी को प्रसन्न किया है। उन्होंने समाज निर्माण के लिए दो बार विश्व यात्रा की है। ऋषि रूप में वेद ऋचाओं का सृजन भी किया है। ऋग्वेद के दसवें मंडल का एक सौ दसवां सूक्त भगवान परशुरामजी द्वारा ही सृजित है।

## क्रोध या क्षत्रिय क्षय का कथन कूटरचित

भारत विश्व में विश्वगुरु और सबसे समृद्ध राष्ट्र रहा है। संसार का ऐसा कोई देश नहीं जहां वैदिक आर्यों की उपस्थिति के चिह्न न मिलते हों। लेकिन भारत को भारत में अशक्त करने के लिये भारतीय आदर्श पात्रों और मान विन्दुओं को कलंकित करने के लिये आदर्श चरित्र गाथा में अनेक कूटरचित कथाएं जोड़कर विवादास्पद बनाने का कुचक्र चला। आक्रामणकारियों का घोषित नारा था "बांटो और राज करो" इसके अंतर्गत ही भगवान परशुराम जी की गाथा में कुछ प्रसंग जोड़े। जो पूरी तरह असत्य और भ्रामक हैं।

भगवान परशुरामजी पर दो आक्षेप लगाए जाते हैं एक यह कि उन्होंने क्षत्रियों का क्षय किया दूसरा यह कि वे बहुत क्रोधी थे। ये दोनों आक्षेप असत्य हैं और समाज में भेद पैदा करने के लिये कुछ विदेशी षडयंत्रकारियों द्वारा रचित हैं। ताकि भारतीय समाज को विभाजित कर भारत को दास बना सकें। लेकिन अब दासत्व का अंधकार छंट गया है। हम स्वतंत्रता के सूरज तले सत्य खोज सकते हैं। हमें स्वयं अध्ययन करके समस्त भ्रांतियों का निवारण करना चाहिए। इन दोनों प्रश्नों पर शास्त्रों में पर्याप्त प्रमाण है।

श्रीमद्भागवत में दुष्टं क्षत्रम और दुष्ट क्षत्रपम शब्द आए है। एक का अर्थ "दुष्ट राज्य" है और दूसरे का अर्थ "दुष्ट राजा" पुराण कथाओं में तीन शब्द आतें हैं क्षत्र, क्षत्रप और क्षत्रिय। इन तीनों शब्दों में अंतर होता है। क्षत्र यानी राज्य, क्षत्रप यनी राजा और क्षत्रिय यानी राज्य के लिए समर्पित। राज्य के समर्पित सेना का आधार जन्म या जाति नहीं होता था। जो छत्र अर्थात राज्य की सेवा सुरक्षा के लिए समर्पित हो वह क्षत्रिय। यदि शब्द दुष्ट क्षत्रम आया है तो इसका आशय ऐसे राज्य से है जो दुष्टता करते थे।

महाभारत के एक प्रसंग में भगवान्‌ शिव ने आदेश दिया कि "तुम मेरे समस्त शत्रुओं का वध करो"। संस्कृत में शब्द चाहे "क्षत्र" आया हो या "क्षत्रपम" लेकिन हिन्दी अनुवाद में सीधा क्षत्रिय ही लिखकर भ्रम फैलाया गया। परशुराम जी के संदर्भ में क्षत्रिय शब्द का पहली बार प्रयोग कालिदास के रघुवंश में हुआ और यहीं से क्षत्रिय विनाश के किस्से चल पड़े। इसके बाद जो साहित्य रचा गया उसमें इस वर्णन का विस्तार होता गया। और भारतीय समाज जनों के मस्तिष्क में बिठा दिया गया।

हम इस बात पर विचार ही नहीं करते कि परशुराम जी नारायण के अवतार हैं क्षत्रिय की उत्पत्ति नारायण के बाहुओं से हुई तो क्या नारायण स्वयं अपनी बाहुओं का विनाश करने के लिये अवतार लेंगे? परशुराम अवतार में उनकी माता देवी रेणुका क्षत्रिय राज्यकन्या हैं, उनकी दादी देवी सत्यवती क्षत्रिय हैं, भृगु वंश की अनेक ऋषि कन्याएं क्षत्रियों को ब्याहीं तब भला वे कैसे क्षत्रिय विनाश अभियान छेड़ सकते हैं। इसके अतिरिक्त एक बात और नारायण जब भी अवतार लेते हैं, उनके अवतार के जीवन की प्रत्येक कार्य का कहीं न कहीं निमित्त होता है। यदि किसी अवतार में पत्नी वियोग होना है, वानरों का साथ लेना है, एक ही विवाह करना या एक से अधिक विवाह करना या रणछोड़ का आक्षेप लगना सब निर्धारित होता है। इसीलिए नारायण के अवतार के कार्यो को "कर्म" नहीं "लीला" कहा जाता है। नारायण के किसी प्रसंग में, किसी शास्त्र में यह उल्लेख नहीं आया कि कभी वे क्षत्रिय हंता बनेंगे। अतएव यह भ्रामक बात समाज को मन से निकालनी होगी। समाज को बाँटने के यूं भी कम षडयंत्र नहीं हो रहे। अतएव हमें जाग्रति के साथ सत्य को समझाना चाहिए।

उन पर दूसरा आक्षेप लगता है क्रोधी होने का। लोग कहते हैं कि भगवान परशुराम जी बहुत क्रोधी हैं। यह आक्षेप भी तथ्यहीन है। क्रोध राक्षसों को आता है दैत्यों को आता है। क्रोध तमोगुण है। हमारे प्रत्येक शास्त्र में क्रोध से दूर रहने को कहा गया है। क्रोध को अग्नि कहा गया है। जिस प्रकार अग्नि सबसे पहले अपने ही केन्द्र को जलाती है ठीक उसी प्रकार क्रोध भी उसी व्यक्ति को पहले नष्ट करता है जो क्रोध करता है। परशुराम जी नारायण का अवतार हैं। नारायण तो सदैव मुस्कुराते हैं, क्रोध कभी नहीं करते। तब उनका कोई अवतार क्रोध करेगा? पुराणों में परशुराम जी लिए रोष शब्द आया है। उन्होंने "रोष में भरकर दुष्टों का नाश किया"। "रोष" क्रोध नहीं होता रोष सतोगुणी है जबकि क्रोध तमोगुणी। गुस्सा तीन प्रकार का। माता का और गूरु का गुस्सा सतोगुणी होता है जिसे रोष कहते हैं। पिता और राजा का गुस्सा रजोगुणी होता है जिसे कोप कहते हैं। जबकि दुष्टों और दानवों का गुस्सा अहंकार से उत्पन्न होता है यह तमोगुणी होता है इसे क्रोध कहते है। भगवान परशुरामजी नारायण का अवतार हैं, ऋषि हैं गुरु हैं उनका गुस्सा रोष है। संस्कृत में रोष शब्द ही आया है जिसका हिन्दी अनुवाद क्रोध के रूप में कर दिया। इसी से भ्रान्तियां फैलीं। जिन्हें समाज को बांटने के लिए योजना पूर्वक प्रचारित किया गया। अतएव हमें हमारे आराध्य, परंपरा और मान विन्दुओं के बारे में फैलाई गई भ्रांतियों को समझना होगा।

# भीषण गर्मी में मतदान ही तो ताकत है भारतीय लोकतंत्र की



आरके सिन्हा

आज जब देश के बहुत बड़े भाग में सूरज देवता आग उगल रहे हैं, तब लोकसभा चुनाव के लिए जनता मतदान करने के लिए अपने घरों से निकल रही है। भारत के कई राज्यों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर हो गया है। इसके साथ ही लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात तो नहीं मानी जा सकती है। इसलिए प्रचार भी सुबह या शाम को ही संभव हो पाता है। दोपहर के समय तो मात्र रणनीति ही बनाई जा सकती है।

बावजूद इसके इतने गर्म मौसम में भी देश के लाखों–करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे हैं। यह सुखद भी है और यह हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। बेहतर होगा कि मतदाता सुबह जल्दी ही अपने मताधिकार का प्रयोग करके घर वापस आ जाएं। उन्हें मतदान केन्द्रों में जाते वक्त अपने साथ पानी की बोतलें जरूर रख लेनी चाहिए। मुंह–सिर ढकने के लिए एक गमछा भी सही रहेगा। आप जानते हैं कि भारत में लोकसभा चुनाव आमतौर पर हर पांच साल में अप्रैल और मई में होता है और मतदाता और मतदान अधिकारी कठोर गर्मी से निपटने के आदी हैं। लेकिन, इस साल, भारत रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का मुकाबला कर रहा है। पिछले महीने, देश में भीषण गर्मी के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी। चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी पश्चिमी राज्य महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेहोश हो गए थे, बाद में उन्होंने बताया कि भीड़ भरे स्थान और उच्च तापमान के कारण उन्हें असहज महसूस हुआ था। इससे कुछ दिन पहले, पूर्वी शहर कोलकाता में, जहां तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था, एक खबरिया चैनल की एंकर मौसम अपडेट प्रस्तुत करते समय बेहोश हो गई थी। बाद में उसने बताया कि स्टूडियो का कूलिंग सिस्टम खराब हो जाने के कारण बहुत गर्मी हो जाने के कारण ऐसा हुआ। चुनाव अधिकारी मतदान केंद्रों पर पेयजल की आपूर्ति करके और मतदान का समय बढ़ाकर इससे निपटने के लिए कदम तो उठा रहे हैं।

साल 2019 के चुनाव की तुलना में, 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुए मतदान के पहले दो चरणों में मतदाता मतदान में कम से कम 3 फीसद की गिरावट देखी गई। चुनाव आयोग को अगले चुनाव के पूर्व एक बार यह विचार करना होगा कि आम चुनाव की तिथियों को अप्रैल – मई की जगह फरवरी–मार्च में किया जा सकता है क्या ? इससे पूरे देश में सुविधा होगी। कुछ पर्वतीय राज्यों में बर्फ जमा रहने के कारण दिक्क़त तो हो सकती है, पर उन क्षेत्रों में एक महीने बाद चुनाव और उसके बाद चुनाव परिणामों की घोषणा तो की ही जा सकती है । यह तो सोचना ही होगा कि क्या देश में फरवरी और मार्च के ठंडे महीनों के बीच लोकसभा चुनाव कराने के बारे में विचार नहीं किया जा सकता है? इसके चलते अधिक लोगों को वोट देने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। गर्मी में लंबे समय तक रहने से थकान, चक्कर आना और बेहोशी हो सकती है। इसलिए उम्मीदवारों, पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को बहुत संभल कर चलना होगा। उन लोगों को भी अपनी सेहत का ध्यान देना होगा जो विभिन्न राजनीतिक दलों की सभाओं में नेताओं को सुनने के लिए जाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि हृदय रोग या उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों वाले मरीजों को भी गर्मी में अतिरिक्त रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। मतदाताओं का कहना है कि वे गर्मी को लेकर आशंकित हैं लेकिन सावधानी बरतेंगे। दिल्ली और हरियाणा की क्रमशः सात और दस सीटों के लिए मतदान आगामी 25 मई को होना है। आशंका है कि 25 मई को दिल्ली–हरियाणा में पारा 42 सेल्सियस के आसपास होगा।

दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत एनसीआर के इलाकों में बीते कुछ दिनों से आसमान से आग बरस रही है। दिन में तापमान 40 पार जा रहा है और ऐसे में लोगों का गर्मी से जीना मुहाल हो गया है। आने वाले दिनों में दिल्ली–एनसीआर में गर्मी का कहर अभी और देखने को मिलेगा। तो बहुत साफ कि जब दिल्ली और हरियाणा के मतदाता अपने मतदान केन्द्र में जाएंगे तो उन्हें बेहद गर्म मौसम में घर से निकलना होगा। इसलिए अगर वे सुबह 11 बजे तक मतदान कर लें तो बेहतर होगा। उसके बाद गर्मी का असर भयावह होने लगेगा। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में दिल्ली के कुछ इलाकों में 43 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंचने की उम्मीद है। इतनी भीषण गर्मी में वोट देने के लिए घर से निकलने से पहले बुजुर्गों को अपना ख्याल रखना ही होगा।

इस बीच, पुणे महाराष्ट्र के सबसे गर्म क्षेत्रों में से एक है, जहां 13 और 20 मई को दो और चरणों में मतदान होगा। पिछले एक हफ्ते से पुणे में 39 सेल्सियस और 42 सेल्सियस के बीच तापमान चल रहा है और भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में इसके जारी रहने की संभावना है। तो गर्मी के प्रकोप का असर हर तरफ है। इस मौसम में अगर सावधानी न बरती जाए तो हीटस्ट्रोक हो सकता है या डिहाइड्रेशन हो सकता है।

हरियाणा के पड़ोसी राज्य पंजाब की 13 लोकसभा सीटों के लिए मतदान 1 जून को होना है। पंजाब आजकल गर्मी से झुलस रहा। माना जा रहा है कि राज्य में मतदान वाले दिन तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचेगा। आजकल लुधियाना व फाजिल्का सबसे गर्म चल रहे हैं। यहां का अधिकतम तापमान सबसे अधिक 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक था। कहना ना होगा कि इतनी तेज गर्मी में मतदान करने के लिए घर से निकलना कठिन तो है।

दक्षिणी राज्य तेलंगाना में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होना है। वहां भी चिलचिलाती गर्मी को जनता झेल रही है। इस तापमान में वोट डालने के लिए बाहर आना मुश्किल है। बुजुर्गों को मतदान केंद्रों तक ले जाना चुनौतीपूर्ण होने वाला है। इस साल पहली बार देश में चुनाव की देखरेख करने वाले भारत निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और विकलांग लोगों को अपने घरों से वोट डालने की अनुमति दी है। आयोग ने मार्च में चुनाव पर गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए दिशा–निर्देश भी जारी किए। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर पेयजल और ओरल हाइड्रेशन सॉल्ट उपलब्ध कराने, मेडिकल किट तैयार रखने और देरी को रोकने के लिए पर्याप्त मतदान कर्मचारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बहरहाल, आम भारतीय का यही कहना है कि गर्मी हमें वोट देने से नहीं रोक सकती। यही जज्बा भारत और भारत लोकतंत्र की ताकत है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# कांग्रेस पर मुस्लिमों को आरक्षण व संपत्ति देने का आरोप और सच



अवधेश कुमार

मुस्लिम आरक्षण इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन गया है।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि वह अनुसूचित जाति – जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण हटाकर मुसलमान को देना चाहती है। कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष और भाजपा विरोधी कह रहे हैं कि मोदी और भाजपा देश में हिंदू मुस्लिम के नाम पर चुनाव में ध्रुवीकरण चाहते हैं जो सरेआम सांप्रदायिककरण है । अगर चुनाव में किसी संप्रदाय पर हमला किया जाए या उसके विरुद्ध दूसरे संप्रदाय को भड़काया जाए तो यह सांप्रदायिकता की श्रेणी में आएगा और इसके लिए चुनाव कानून ही नहीं सामान्य कानूनों में भी मुकदमा चलाने तथा सजा देने का प्रावधान है। प्रश्न है कि क्या प्रधानमंत्री ने जो आरोप लगाया उसे चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने का षड्यंत्र मान लिया जाए या उसके पीछे तथ्य भी हैं? कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता प्रधानमंत्री पर हमले कर रहे हैं किंतु यह कहने को तैयार नहीं है कि वह मजहब के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। कांग्रेस यह भी स्पष्ट नहीं करती कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण के विरुद्ध है।

कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वचन देते हुए यह सुनिश्चित करने की घोषणा करती है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले तो इसलिए मंशा पर प्रश्न उठता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि है। कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुसलमानों को आरक्षण देने की पहल की है। चूंकि धर्म के आधार पर आरक्षण मान्य नहीं था, इसलिए अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण में से ही कर्नाटक में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया। केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान आंध्रप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने का कानून बना दिया। यह विषय सुप्रीम कोर्ट तक गया और कांग्रेस के सभी नामी वकीलों ने इसमें पैरवी की। आज भी अनुसूचित जनजाति से धर्म परिवर्तन कर मुसलमान या ईसाई बनने वालों को आरक्षण का लाभ मिलता है। वे अल्पसंख्यक होने का भी लाभ पाते हैं और अनुसूचित जनजाति का भी।

कांग्रेस यह तो कह रही है कि इसमें मुस्लिम शब्द कहीं नहीं है पर अल्पसंख्यक का अर्थ क्या है? यूपीए सरकार के दौरान मुसलमानों को आरक्षण कांग्रेस की नीति में शामिल हुआ। मनमोहन सरकार ने सत्ता में आने के बाद सच्चर समिति गठित की, जिसने अपनी रिपोर्ट में मुसलमानों की स्थिति की भयावह तस्वीर पेश किया और उनके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के नाम पर अनेक अनुशंसाएं की। इनमें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण भी शामिल था। सच्चर समिति की अनुशंसाओं के आलोक में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा समिति का गठन हुआ जिसने पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति जनजाति से धर्म परिवर्तन करने के बावजूद मुसलमानों को आरक्षण देते रहने की सिफारिश की। यही नहीं उसने पिछड़ा वर्ग के 27 प्रतिशतों के आरक्षण में से मुसलमान को देने की सिफारिश की। 30 नवंबर 2006 को सच्चर समिति की सिफारिशें सरकार को प्राप्त हुई और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 9 दिसंबर 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक के भाषण में कहा कि 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ ही एससी/एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों का उत्थान है। हमें ऐसी नई योजनाएं बनानी होंगी, जिनसे अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिल सके। देश के संसाधनों पर उनका पहला हक होना चाहिए।'

कांग्रेस पार्टी की धारणा यही थी कि मुस्लिम मत खिसकने के कारण ही विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में हाशिए पर गई और उसकी जगह सपा, बसपा, राष्ट्रीय जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने ले लिया। कांग्रेस को फिर से अपना स्थान बनाना है तो उसे स्वयं को मुस्लिमपरस्त दिखाना होगा। इस कारण उस दौरान मुसलमानों के लिए सरकार की नीतियों में जबरदस्त ढांचा तैयार हुआ। अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन हुआ। तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभियान इसी कड़ी का अंग था जिसमें तीस्ता शीतलवाड को हर तरह से मदद दी गई। 2014 लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक एक दिन पहले मनमोहन सरकार ने 5 मार्च , 2014 को दिल्ली की 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड के हवाले कर दिया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने 27 फरवरी, 2014 को राष्ट्रीय राजधानी में इन प्रमुख संपत्तियों पर दावा किया था। अनेक उदाहरण मिलेंगे जिनसे साबित होगा कि मनमोहन सरकार ऐसी मुस्लिम संस्थाओं, संगठनों और व्यक्तियों के प्रभाव में पूरी तरह था। यह आदेश सरकार ने उचित मुआवजे का अधिकार और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2013 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया। तो क्या यह संशोधित अधिनियम ऐसे ही कार्यो को ध्यान में रखते हुए पारित हुआ था? नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद इन संपत्तियों को मुक्त कराया गया और उसके लिए भी न्यायालय में संघर्ष करना पड़ा। उस समय कांग्रेस की राज्य सरकारों के कदमों की छानबीन की जाए तो पता चलेगा कि अनेक राज्यों में इस तरह के निर्णय हुए जिनका कोई वैधानिक आधार नहीं था। जिस तरह तेलंगाना एवं कर्नाटक में उसे मुस्लिम समुदाय का वोट मिला उससे उसको लगता है कि ऐसी नीतियों पर आगे बढ़ने से उसका खोया जनाधार वापस आ सकता है। इसलिए राहुल गांधी और उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस यह साबित करने में लगी है कि मुसलमान के हितों के प्रति वह पूरी तरह समर्पित हैं या उसके लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार हैं।

ध्यान रखिए, पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति को आरक्षण पहले से प्राप्त है, नरेंद्र मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए 10% आरक्षण का प्रावधान कर दिया है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर मुसलमान भी शामिल हैं। तो आप आरक्षण की सीमा को बढ़ाना किसके लिए चाहते हैं? अपने भाषणों और वक्तव्यों में राहुल गांधी सहित ज्यादातर नेता अनुसूचित जाति–जनजाति व पिछड़े वर्ग के साथ ही अल्पसंख्यकों और मुसलमानों के उत्थान की बात करते हैं। आखिर अनुसूचित जाति–जनजाति जाति और पिछड़े वर्ग के साथ मुसलमान को क्लब कैसे किया जा सकता है? मुसलमानों ने देश में लंबे समय तक शासन किया और इस कारण वे विशेषाधिकार वर्ग में आते हैं। मुस्लिम नवाबों और जमींदारों की बड़ी संख्या पूरे देश में रही है। उनकी शक्ति इतनी थी कि उन्होंने जबरन देश का विभाजन भी करवा दिया। मुसलमानों का आर्थिक –सामाजिक –विकास हो इससे किसी को दो राय हो नहीं सकता। नरेंद्र मोदी सरकार में ही सरकारी नौकरियों में उनकी संख्या 2014 के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा हुई है। किंतु हमारे यहां जाति व्यवस्था में हाशिए पर रहे समूहों के कारण आरक्षण का प्रावधान संविधान में लाया गया। इसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था न थी और न हो सकती है। ऐसी अवस्था में निश्चित रूप से अन्य पिछड़े वर्ग का हक मार कर ही कांग्रेस या आईएनडीआईए के अन्य दल उन्हें आरक्षण दे सकते हैं। जब 2012 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सलमान खुर्शीद ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की घोषणा की और उसके विरुद्ध न्यायालय में मामला गया तो कांग्रेस की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बाहर आकर बयान दिया कि खुर्शीद साहब ने जो कहा है वह कांग्रेस की मंशा है। पश्चिम बंगाल से इसके संदर्भ में एक डराने वाला आंकड़ा आया है। इस समय वहां 179 जातियां अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल हैं जिनमें 118 मुस्लिम हैं और हिंदू सिर्फ 61। नरेंद्र मोदी सरकार ने जब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया तो उसने राज्यों को भी पिछड़े वर्ग की सूची में जातियों को शामिल करने का अधिकार दिया। ममता बनर्जी ने 71 जातियां शामिल की जिनमें 65 मुस्लिम थे। जब पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसका कारण पूछा तो बताया गया कि पिछड़े हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण कर लिया। जब यह पूछा गया कि कहां–कहां ऐसा हुआ इसकी जानकारी दीजिए तो उत्तर आया कि इसकी जानकारी नहीं है। सरकारों ने ऐसे नियम और ढांचे बना दिये जिनसे राजस्थान, बंगाल, कर्नाटक सहित कई राज्यों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण का ज्यादातर लाभ मुस्लिम समुदाय को मिल रहा है। इसके बाद क्या किसी संदेह की गुंजाइश रह जाती है?

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत लवेरा में पक्षी मित्र अभियान चलाया गया एकदिवसीय



**चमकता राजस्थान/श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर ग्राम लवेरा में पक्षी मित्र अभियान चलाया गया एकदिवसीय ग्राम पंचायत लवेरा में पक्षियों के लिए प्रिंट बंदेपक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प लिया लवेरा पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी मूल सिंह राठौड़,सरपंच शंकर लाल जाट, एडवोकेट शिवजी राम गुर्जर ने बताया कि बढ़ती गर्मी और तापमान को देखते हुए एक दिवसीय परिंडे लगाने का अभियान चलाया गया ग्राम उपस्थित ग्रामीणों में मौजूद कांग्रेस नेता एडवोकेट शिवजी राम गुर्जर, बीजेपी नेता विष्णु वैष्णव,उप सरपंच कानाराम गुर्जर, सरपंच जसराज ठेकेदार, पुखराज कोली,युवा नेता महेंद्र गुर्जर,वार्ड पंच शैतान मेघवंशी, मनोज जाट, जुगराज मेघवंशी, हेमराज मेघवंशी,आदि मौजूद रहे

### धौलपुर जिले के बाड़ी शहर में अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई, अग्रसेन मार्केट का है मामला



**चमकता राजस्थान/धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी शहर के अग्रसेन मार्केट में गुरुवार को शाम के समय दो नकाबपोश बदमाशों ने रेडीमेड कपड़े की दुकान पर फायरिंग की, बाजार में गोली की आवाज से लोगों में दहशत फैल गई, बदमाश दो से तीन राउंड फायरिंग कर मौके से फरार हो गए, घटना की सूचना दुकानदार ने कोतवाली थाना पुलिस को दी, जिसके बाद बाड़ी सर्किल ऑफिसर एडिशनल एसपी नरेंद्र कुमार और थाना एसएचओ शिवलहरी मीणा मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाश वहां से फरार हो गए थे, शहर में पुलिस द्वारा नाकाबंदी भी कराई गई, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है! वहीं, फायरिंग का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है! पीड़ित रेडीमेड कपड़ा विक्रेता आदित्य बंसल ने बताया कि गुरुवार शाम को वो दुकान पर ग्राहकों को कपड़े दिखा रहे थे, दुकान के अंदर एक महिला और कुछ पुरुष सामान खरीदने के लिए बैठे थे, इसी बीच अचानक दो नकाबपोश युवक दुकान के सामने आए, एक बदमाश ने हथियार निकाल कर फायरिंग कर दी, बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग की गोली दुकान के काउंटर में सीधी लगी, जिससे दुकान में मौजूद ग्राहकों में हड़कंप मच गया! बदमाश दो से तीन राउंड हवाई फायरिंग कर मौके फरार हो गए!

### कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी ने की पीसीसी सुप्रीमो डोटासरा से शिष्टाचार भेंट



**चमकता राजस्थान/अजमेर ।** अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से शिष्टाचार भेंट की।

कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी ने डोटासरा को से अजमेर लोकसभा चुनाव पर विस्तृत चर्चा की।

दिनांक 9-5-24 को होटल फेडरेशन आफ राजस्थान की कार्यकारिणी सभा का आयोजन होटल शाहपुरा रेजिडेंसी टोंक रोड में आयोजित हुआ एवं पॉल्यूशन डिपार्मेंट के सहयोग से फेडरेशन द्वारा पॉल्यूशन लाइसेंस के लिए लगाए गए कैंप में बने 150 लाइसेंस वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया ! लाइसेंस वितरण के लिए पॉल्यूशन डिपार्मेंट के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे. जिनमें मुख्य रूप से मेंबर सेक्रेटरी राजस्थान श्री विजयन जी , नॉर्थ ब्रांच रीजनल ऑफिसर श्री विजय शर्मा , साउथ ब्रांच रीजनल ऑफिसर श्री नीरज शर्मा जी के अलावा अनेक अधिकारी उपस्थित रहे ! फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने बताया कि उच्च अधिकारि सुप्रीमो डोटासरा ने कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी के चुनाव प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए जीत की शुभकामनाएं दी।

---

राजस्थान में पर्यटन को हर स्तर पर मजबूती देना ही प्राथमिकता : हुसैन खान

# होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान कार्यकारिणी सभा का हुआ भव्य आयोजन

## पॉल्यूशन कैंप आयोजित कर 150 पॉल्यूशन लाईसेंस का किया गया विधिवत वितरण

चमकता राजस्थान

**जयपुर(खलील कुरैशी)** दिनांक 9-5-24 को होटल फेडरेशन आफ राजस्थान की कार्यकारिणी सभा का आयोजन होटल शाहपुरा रेजिडेंसी टोंक रोड में आयोजित हुआ एवं पॉल्यूशन डिपार्मेंट के सहयोग से फेडरेशन द्वारा पॉल्यूशन लाइसेंस के लिए लगाए गए कैंप में बने 150 लाइसेंस वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया ! लाइसेंस वितरण के लिए पॉल्यूशन डिपार्मेंट के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे. जिनमें मुख्य रूप से मेंबर सेक्रेटरी राजस्थान विजयन नॉर्थ ब्रांच रीजनल ऑफिसर विजय शर्मा साउथ ब्रांच रीजनल ऑफिसर नीरज शर्मा के अलावा अनेक अधिकारी उपस्थित रहे ! इस अवसर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान



ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने फेडरेशन द्वारा सदस्यों के हित में पॉल्यूशन लाइसेंस के लिए लगाए गए कैंप के लिए फेडरेशन की तारीफ करने के साथ-साथ भविष्य में भी ऐसे कैंपों में डिपार्मेंट सहयोग के लिए आश्वासन दिया! होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने पॉल्यूशन डिपार्मेंट के अधिकारीयो के सहयोग के लिए उनका आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया. फेडरेशन की कार्यकारिणी बैठक में पदाधिकारीयो एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अनेक निर्णय लिए गए जिसमें मुख्य रूप से आगामी बोर्ड की सभाओं का आयोजन कोटा, उदयपुर, जोधपुर, भरतपुर, जैसलमेर एवं बीकानेर में आयोजित किया जाना तय किया गया ग्रामीण टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए फेडरेशन द्वारा विशेष पर्यतन किए जाएंगे! इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री की प्रेरणा से फेडरेशन द्वारा मोटे अनाज के प्रमोशन के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं! ऐसे कार्यक्रम आगामी दिनों मैं भी लगातार किए जाते रहेंगे. जिसमें मुख्य रूप से होटलो में मेलों का आयोजन,पोस्टरा वितरण,पैपलेट वितरण,मिलेट्स मेनू आदि मुख्य रूप से हैं .इसके साथ-साथ मिलेट्स से होने वाले फायदे जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज ,हार्ट डिजीज, पेट की बीमारियां ,आंखों की बीमारी, कैल्शियम एवं अनेक अन्य मिनरल्स की कमी शरीर में दूर करना,आक्सीडेंट जैसे तत्वों की प्रचुर मात्रा मैं उपलब्धता एवं अनेक अन्य फायदों का प्रचार भी विभिन्न माध्यमों से होटल फेडरेशन आफ राजस्थान द्वारा किया जाएगा.भू उपयोग परिवर्तन, नगर निगम लाइसेंस, फायर लाइसेंस, पर्यटन नीति 2024 की घोषणा व अन्य विषयों को भी फेडरेशन द्वारा मजबूती से उचित प्लेटफार्म पर रखने का निर्णय लिया गया! इस अवसर पर अध्यक्ष हुसैन खान,संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा,सचिव शैलेश प्रधान, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, सह सचिव अंशुल सरावगी , कार्यकारिणी सदस्य अशोक माहेश्वरी, राकेश चौधरी भंवर यादव, अमित गोयल, अंशुल ग्रोवर, क्षितिज शर्मा, अनिल शर्मा, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। सभा के अंत में सचिव शैलेश प्रधान ने सभी पधारे अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्ति की घोषणा की।

---

हज यात्रा 2024:

## 285 भारतीय हाजियों का पहला जत्था दिल्ली एयरपोर्ट से हज के मुकद्दश सफर पर हुआ रवाना

हज कमेटी ऑफ इंडिया के सी. ई.ओ.डॉ अफाफी ने एयरपोर्ट पर हजयात्रियों का स्वागत कर हौसला अफजाई की

चमकता राजस्थान

**जयपुर!( खलील कुरैशी)** नई दिल्ली,हज 2024 के लिए भारतीय हजयात्रियों का दिल्ली से पहला जत्था 9 मई को सुबह 2:20 बजे सऊदी एयरलाइंस के हज चार्टर उड़ान एसवी 3767 से आईजीआई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 से रावाना हुवा, जिसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बिहार के 285 हजयात्री शामिल थे। दिल्ली से मदीना के लिए हजयात्रियों का प्रस्थान 25 मई तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि हज 2024 में भारत से हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से 140,000 हजयात्री जाएंगे, जिनमें से लगभग 16,500 हजयात्री दिल्ली इम्बार्केशन पॉइंट से प्रस्थान करेंगे। जबकि सबसे अधिक करीब 35000 हजयात्री मुंबई इमबारकेशन पॉइंट से प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर हज कमेटी ऑफ़ इंडिया के सी, ई,ओ और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत



सरकार के निदेशक डॉ. लियाकत अली अफाकी, आई.आर.एस ने आई जी आई हवाई अड्डे पर हजयात्रियों का स्वागत करते हूए कहा कि हज 2024 को सुविधाओं से भरपूर बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए गए हैं। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद भी कहीं न कहीं कोई कमी रह सकती है। आप और हम हमेशा सुनते और पढ़ते आए हैं कि हज यात्रा मुश्किले पेश आती है. डॉ. अफाकी ने हजयात्रियों से अपील की कि वे हज की सुविधा के लिए भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित हज सुविधा ऐप का नियमित रूप से उपयोग करें और इसका पूरा लाभ उठाएं। डॉ. अफ़ाक़ी ने पिछले वर्ष की तुलना में कम खर्च पर हज जाने वाले हजयात्रियों से अनुरोध किया कि वे हज में समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए भारत सरकार और सऊदी अरब साम्राज्य के कानूनों का पालन करें। इस अवसर पर हज कमेटी आफ़ इंडिया के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी नजीम अहमद, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के उप सचिव अंकुर यादव, दिल्ली राज्य हज समिति के अधिकारी और सभी संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. अफाकी ने दिल्ली इम्बार्केशन प्वाइंट कार्यालय स्थित हज मंजिल और हज कैंप के सभी अनुभागों का भी निरीक्षण किया और हज की सुविधाओं के लिए निर्देश दिए।

---

## स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा निष्पादन समिति की बैठक हुई आयोजित

- विद्यालयों में गुणवत्ता और प्रशिक्षण संबंधित कार्यो को समयबद्धता के साथ निपुण किये जाये :- कृष्ण कुणाल



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** सचिवालय में गुरूवार को शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा की निष्पादन समिति की आठवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को दी जाने वाली समस्त सामग्री 15 अगस्त तक विद्यालयों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण संबंधी कार्यों की टाइमलाइन निर्धारित करने तथा बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा सभी विद्यालयों में सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। टांसपोर्ट वाउचर के शेष भुगतान, निःशुल्क यूनिफॉर्म एवं लाइब्रेरी ग्रान्ट केभुगतान का अनुमोदन किया गया। बैठक में निष्पादन समिति की गत पांचवी, छठी एवं सातवीं बैठकों की अनुपालना की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, अविचल चतुर्वेदी, वित्त विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अल्पसंख्यक, चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी, महिला अधिकारिता सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---



## एसीबी ने ई-मित्र संचालक को एक लाख की घूस लेते रंगे हाथों किया गिरफ़्तार

चमकता राजस्थान

- **श्रम विभाग में क्लेम पास करवाने की एवज में मांगी थी रिश्वत**

जयपुर (खलील कुरैशी) श्रम विभाग से क्लेम पास करने की एवज में एसीबी ने गुरुवार को फागी की लसाडिया ग्राम पंचायत के ई-मित्र संचालक को एक लाख की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ई-मित्र संचालक विश्राम गुर्जर परिवादी को श्रम विभाग से क्लेम पास कराने के लिए एक लाख रुपए की घूस मांगकर परेशान कर रहा था। एसीबी के अधिकारी आरोपी से पूछताछ कर रहे हैं। खास बात है कि आरोपी विश्राम गुर्जर को ट्रेप कराने के लिए परिवादी के पास इतनी राशि नहीं थी। ऐसे में एसीबी ने आरोपी को ट्रेप करने के लिए परिवादी को 70 हजार रुपए की डमी करेंसी उपलब्ध कराई,श्रमिक डायरी से पास होता है क्लेम एसीबी में पिछले दिनों एक परिवादी ने शिकायत की थी। आरोप था कि उसके पिता की मृत्यु होने पर श्रमिक डायरी के आधार पर श्रम विभाग से क्लेम पास करवाना था। आरोपी विश्राम गुर्जर उसे परेशान कर रहा है। एसीबी के डीआईजी रणधीर सिंह के सुपर विजन में एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत के नेतृत्व में एक टीम बनाई और परिवादी की शिकायत का सत्यापन किया गया। शिकायत का सत्यापन होने पर ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। परिवादी ने विश्राम गुर्जर को एक लाख रुपए दिए। इसमें 30 हजार असली व 70 हजार डमी करेंसी थी

---

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब महाराष्ट्र में भी करेंगे चुनाव प्रचार

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 12 में तक चुनावी दौरे पर रहेंगे। भजन लाल तेलंगाना से अब सीधे महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे, वहां पर वह दो दिन रात्रि विश्राम कर 12 मई को देर रात तक राजधानी जयपुर पहुंचेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 10 में को सुबह 10-00 बजे हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट से थोरूर के लिए रवाना होंगे जहां



पर वह वारंगल लोकसभा प्रत्याशी आरोरी रमेश के समर्थन में थोरूर के वंदे मातरम फाउंडेशन नितिन भवन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद दोपहर 1:00 बजे वह आंध्र प्रदेश के तिरुपति एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे शाम 6-00 बजे भजन लाल शर्मा तिरुपति लोकसभा प्रत्याशी वरप्रसाद के समर्थन में तिरुपति के राम तुलसी कल्याण फंक्शन हॉल में राजस्थानी समाज सम्मेलन को संबोधित करेंगे, शर्मा का रात्रि विश्राम तिरुपति में ही रहेगा इसके बाद 11 मई को सुबह 11-00 बजे वह धरनेश्वर मंदिर संभाजी में दर्शन एवं पूजा करेंगे इसके बाद दोपहर 1:00 बजे राजस्थानी समाज के प्रबुद्ध जनों से संभाजी नगर के राम इंटरनेशनल में भेंट करेंगे, इसके बाद दोपहर 4-15 बजे औरंगाबाद से मुंबई के लिए रवाना होंगे, शाम 6-00 बजे दक्षिणी मुंबई की लोकसभा प्रत्याशी यामिनी जाघव के समर्थन में कालबा देवी रोड स्थित भाटिया महाजन वाडी में राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। रात्रि 8-00 बजे उद्योगपति एवं व्यापारियों से वह संवाद करेंगे उनका रात्रि विश्राम मुंबई में होगा। वही 12 में को सुबह 10-30 बजे जैन समाज के लीडर्स के साथ नरीमन प्वाइंट स्थित होटल ट्राई डेंट में वह संवाद करेंगे 11-00 बजे राजस्थानी मीडिया के साथ भी वह संवाद करेंगे इसके बाद दोपहर 1:00 बजे मैक्स मॉल में प्रवासी प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे शाम 5:00 बजे प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल का 12 में को देर रात जयपुर आने का कार्यक्रम है।

## जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार को सौंपा 5 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन

# शिक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ दौसा सर्व समाज के युवाओं ने दिखाई जागरूकता

चमकता राजस्थान

**दौसा।** जिले में सालों से मान्यता प्राप्त स्कूलों में छात्रों का डमी प्रवेश दिलवाकर स्कूल समय में सालों से अवैध कोचिंग सेंटर संचालित हैं। जिसे लेकर अब सर्व समाज के युवा भीलामबंद होने लगे हैं। गौरतलब है किगत शिक्षा सत्र में इनके संचालन को लेकर विभिन्न शैक्षिक व सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के आला अफसरों को ज्ञापन भी प्रेषित किए गए। प्रेषित ज्ञापन पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा दौसा द्वारा एक जांच दल का गठन कर जांच भी करवाई गई। मगर पूरे शिक्षा सत्र पर्यन्त इन अवैध कोचिंग सेंटरों पर शिक्षा विभाग लगाम लगा पाने में नाकाम साबित हुआ। बल्कि शिक्षा विभाग के कुछ अफसरों की मिलीभगत के चलते इन कोचिंग माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हुए इस नए शिक्षा सत्र में बंद प्राय पड़े स्कूलों में छात्रों का डमी एडमिशन देने की



कवायद शुरू कर दी है। पिछले वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा की जांच के दायरे में आने वाले कोचिंग सेंटर संचालक तो इतने बेखौफ हैं की मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा के आदेशों के बाजजूद कोचिंग सेंटर के आगे बड़े बड़े रिजल्ट प्रकाशित किए बैनर,स्कूल के नाम के साथ कोचिंग के बैनर तक लगा रखे हैं। इसको देखकर लगने लगा है की दौसा जिला प्रशासन,शिक्षा विभाग के आला अधिकारी और कानून व्यवस्था बौनी साबित हो रही है। जिसके चलते अब सर्व समाज के युवाओं ने आगे आते हुए जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।

### ये हैं सर्व समाज के युवाओं की 5 सूत्रीय मांगे :

समाज सेवी राकेश सैनी ने कहा जिले में शिक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें सर्व समाज की पांच सूत्रीय मांगे हैं। जिला मुख्यालय पर गत वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा दौसा द्वारा जांच के दायरे में आने वाली कोचिंग सेंटरों के संचालकों को स्कूल समय में कोचिंग क्लास संचालित नहीं करने के लिए व्यक्तिगत नोटिस भेजकर पाबंद किया जाए। जिन भवनों में ये कोचिंग सेंटर संचालित हैं उनके भवन मालिकों को व्यक्तिगत नोटिस भेजकर भी स्कूल समय में कोचिंग क्लास संचालित नहीं करने के लिए पाबंद किया जाए। चिन्हित डमी एडमिशन देने वाली मान्यता प्राप्त स्कूलों को व्यक्तिगत नोटिस भेजकर पाबंद किया जाए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की मंशा अनुरूप जिले में एनसीआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्कतें निश्चित बुक स्टोर से लगाने वाले संस्था प्रधानों पर कार्यवाही के लिए शिक्षा विभाग को पाबंद किया जाए। गत शिक्षा सत्र में निदेशक बीकानेर के निर्देशों पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा के आदेशों के बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ग्रीष्मावकाश के दौरान स्कूलों का संचालन किया गया। ऐसे में इस बार ग्रीष्मावकाश के दौरान स्कूलों का संचालन नहीं हो इसके लिए कठोर रणनीति बनाते हुए कार्यवाही किए जाने के आदेश प्रदान किए जाए।

इन इन संस्थाओं को गत वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा घनश्याम मीणा ने रखा गया था जांच के दायरे में : जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा दौसा घनश्याम मीणा द्वारा एकता एकेडमी, वीएसआई, आधार एकेडमी, समर्थ क्लासेज,सक्षम क्लासेज व उज्ज्वल क्लासेज को जांच के दायरे में रखा गया था। जो अभी भी स्कूल समय में ही संचालित हो रहे हैं। आधार एकेडमी ने तो कई सालों से प्राय बंद पड़े स्कूल शांति गंगा पीठ का बोर्ड तक लगाकर छात्रों को गुमराह किया जा रहा है। वीएसआइ द्वारा अपने भवन के आगे परिणाम प्रकाशित किए हुए बड़े-बड़े बैनर लगा रखे हैं। उज्वल क्लासेज द्वारा सीनियर सेकेंडरी मॉर्डन स्कूल के साथ के होर्डिंग शहर में लगाए गए हैं। जिससे छात्रों को गुमराह किया जा रहा है। समाज सेवी विजय मीणा ने बताया कि सर्व समाज द्वारा गत वर्ष 11 दिन का अनवरत धरना दिया गया था। जिस जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार द्वारा नए शिक्षा सत्र के दौरान इस सब अनियमितताओं को दूर करने के लिए धरणार्थियों को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया था। मगर नया शिक्षा सत्र शुरू होने को है मगर ये अनियमिताएं जस की तस है। सर्व समाज द्वारा जिसे लेकर आज 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार को सौंपा गया है। यदि सर्व समाज की इन 5 सूत्रीय मांगों पर जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो सर्व समाज एक बार फिर 20 तारीख बाद से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सर्व समाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के दौरान राकेश सैनी बनियाना,विजय मीना गुडलिया,अजय अवस्थी,आदित्य सैनी,राहुल,पवन सैनी,विजेंद्र मीणा,विकास मीणा,दीपेश शर्मा,कमलेश प्रजापति,गजेंद्र गंगवाल,कप्तान बैरवा,विजय सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इच्छापूर्ति फाउंडेशन ने पक्षी बचाओ अभियान के तहत परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण )बाड़ी।** उपखण्ड में मूक पशु - पक्षियों की भोजन सेवा के साथ-साथ मूक पक्षियों की सेवा में कार्यरत संस्था इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा पक्षी बचाओ अभियान के तहत परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामू चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मूक पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था हम सबको करनी चाहिए। नागाबाबा पंचामगिरि आदर्श विद्या मंदिर किड़ी बाड़ी से परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत की गई। स्कूल के प्रधानाचार्य रामकुमार शर्मा ने कहा कि हम सबको इंसान होने के नाते जिम्मेदारी है! कि हम मूक पशु पक्षियों का भी ध्यान रखें। फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष शिवम अग्रवाल ने सभी सदस्यों को परिंदा बांधने के साथ-साथ उसमें दाना पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य मुकेश पुरी गोस्वामी ने उपस्थित सभी सदस्यों से भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए अपनी अपनी जिम्मेदारी से परिंदों में पानी भरने की जिम्मेदारी की बात कही। परिंदा बांधो अभियान सर्वप्रथम श्री नागा बाबा पंचामगिरि आदर्श विद्या मंदिर किरी बाड़ी से की। परिंदों में पानी भरने की जिम्मेदारी स्कूल के प्रधानाचार्य रामकुमार शर्मा ने ली एवं टेकू चौधरी की बगीची हनुमान मंदिर में परिंदों में पानी भरने की जिम्मेदारी कृष्णमुरारी बंसल एवं सुनार वाली बगीची में पानी भरने की जिम्मेदारी बगीची की देखभाल करने वाले पुजारी द्वारा ली। लगभग 15 परिंदे इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा स्कूल के स्टाफ को देखकर उन्हें पानी भरने की जिम्मेदारी स्टाफ को दी। इस अवसर पर श्री नागा बाबा पंचम गिरि आदर्श विद्या मंदिर किड़ी बाड़ी के प्रधानाचार्य रामकुमार शर्मा, देवेश कुमार शर्मा, मुकेश गोड, रामनिवास कुशवाह, मनोज पचौरी, शिव निवास शर्मा, राजीव, रमेश चंद, संतोष परमार, ममता कुमारी, शशि वर्मा, कमलेश नागर, शशि मंगल, नीतू नागर, पूनम गोड, अनुराधा शर्मा, पूजा शर्मा, कृष्ण मुरारी बंसल, मुकेश पुरी गोस्वामी,शिवम अग्रवाल एवं मंदिर के पुजारी आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



**चमकता राजस्थान/धौलपुर (रामदास तरुण) धौलपुर, 9 मई** को जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर की ओर से जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फोर्स की बैठक आयोजन जिला कलेक्टर निधि बीटी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी विभागों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर निधि बी टी ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय में सड़क सुरक्षा दिये गये कार्य को पूरा करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने वॉटर वर्क्स चौराहे पर ट्रैफिक लाइट को शीघ्र दुरुस्त करने तथा स्पीड ब्रेकर और आवारा पशुओं को हाईवे से हटाकर गौशाला पहुंचने के लिए एन एच ए आई व नगर परिषद धौलपुर को आदेशित किया। उन्होंने गुड समिरिटन के प्रचार प्रसार को लेकर चिकित्सा विभाग को आदेशित किया कि वह सड़क दुर्घटना में घायल को तत्काल गोल्डन आवर्स में चिकित्सालय पहुंचने वालों को प्रोत्साहित करे तथा इसमें संबंधित थाने का भी सहयोग ले सकते हैं। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों पर प्राथमिक उपचार ट्रेनिंग की बात कही तथा यातायात नियमों की कड़ाई से पालन के लिए जन सहयोग की बात कही।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग में टोल टैक्स कलेक्शन रिकवरी में बड़ा घोटाला

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा टैक्स कलेक्शन रिकवरी में बड़ा घोटाला सामने आया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस घोटाले को दबाने के लिए कमिटी का गठन किया गया था ! लेकिन कमिटी ने रिकवरी में ढिलाई बरती जिससे सरकार को करोड़ों के राजस्व की हानि हुई ,मामला फ़िलिहाल कोर्ट में बताया जा रहा है!

## ग्यारह आरएएस को आईएएस बनाने की तेयारी!

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों को प्रमोट कर आईएएस बनाया जाएगा। आचार संहिता की वजह से स्क्रीनिंग कमेटी मीटिंग तो फिलहाल नहीं हो रही है, लेकिन सरकार ने तैयारी पूरी कर ली है। यूपीएससी से हरी झंडी मिलेगी तो प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। प्रमोशन के लिए अधिकारियों को 4 जून तक इंतजार करना होगा। वर्ष 2023 में स्टेट प्रमोशन कोटे से आईएएस बने 11 अधिकारियों के रिटायरमेंट से यह पद रिक्त हुए थे। इन्हीं के विरुद्ध तीन गुना अधिकारियों के रिकॉर्ड बना है। पुरुषोत्तम शर्मा ,शाहीन अली खान, आकाश तोमर,गजेन्द्र सिंह राठौड़, अरुण हसीजा,मनीष गोयल, मातादीन मीणा ,कमलराम मीणा,हिम्मत बारेठ,डॉ राकेश शर्मा आईएएस बन सकते हैं!

## दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर ने राजस्थान तहसीलदार संघ के अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर ने डिस्ट्रिक्ट बार के कार्यालय में अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत, महासचिव अखिलेश जोशी और समस्त कार्यकरिणी तथा उपस्थिति सभी अधिवक्ताओं ने



राजस्थान तहसीलदार संघ के 27-28 बेच के निर्विरोध चुने हुए अध्यक्ष दिनेश शर्मा का साफा व माला पहना कर गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत ज़ोरदार सम्मान किया इस दौरान दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत ने बताया कि दिनेश शर्मा वर्तमान में उप पंजीयक जयपुर 10 में पद स्थापित हैं ये बहुत ही मृदुल स्वभाव और शांत व्यक्तित्व के व्यक्ति है।और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्णतया ईमानदारी और निष्ठा एवं समर्पण भाव से करते हैं

## धौलपुर के तसीमों मेले में गांव के ही लोगों ने मचाया उत्पाद, सरपंच के घर की तोड़ फोड़



**चमकता राजस्थान/धौलपुर( रामदास तरुण)धौलपुर।** तसीमों में चल रहे! 10 दिवसीय मेले में तसीमों निवासी 10 से अधिक युवकों ने मेले में उत्पाद मचाने और सरपंच निवास पर तोड़ फोड़ करने और जान से मारने की धमकी के मामले में तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी ने सैंपऊ थाना पुलिस नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज के अनुसार तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी ने बताया कि तसीमों के राघवेंद्र, मुनेश पुत्र दशरथ, गौतम पुत्र कमल सिंह, सुमित पुत्र अर्जुन, चिक्का, सचिन पुत्र चरन सिंह, कान्हा पुत्र अवधेश, अनिल पुत्र भरत जाति ठाकुर, करुआ पुत्र अले कुशवाह उत्पाद मचाकर मेले की व्यवस्थाओं को भंग कर रहे थे! जिस पर तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी ने समझाइश की तो रामौतार फौजी को जान से मारने के धमकी देने और मेला बंद करने की धमकी देने लगे और आरोपी युवक इतने पर ही नहीं रुके, सरपंच परिवार मेले के कार्यक्रम में उपस्थित था तो रात करीब 11 बजे नामजद आरोपियों के साथ 10 से अधिक युवक नेशनल हाईवे स्थित सरपंच की कोठी पर पत्थरबाजी कर दी और घर पर लगे शीशे चकनाचूर कर दिए वहीं रामौतार फौजी के भतीजे अनिल परमार स्वागत का सामान लेने घर जा रहा था! तो मुनेश तौमर ने आरोपियों के साथ मिलकर अनिल परमार की मारपीट की और उसकी बुलेट बाइक में तोड़ भोड़ कर दी!और चाबी छीन ली।वहीं हमलावरों ने ऐलान कर कहा कि यदि घर पर रामौतार फौजी होता तो उसे जान से मार देते वहीं रामौतार फौजी ने पुलिस को बुलाया तब तक हमलावर भाग गए जिस पर तसीमों सरपंच प्रतिनिधि रामौतार फौजी ने लिखित में एफआईआर दर्ज कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

## इक्कीस बीघा भूमि पर तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन 14 में नवीन अवैध कालोनियों पर चलाया पीला पंजा

चमकता राजस्थान

**जयपुर!,(खलील कुरैशी) 09 मई।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बासेड़ी रोड़, भाटेड़, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''पवन वाटिका'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन



अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम वाटिका सूरजपुरा भाटावाला, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''सालासर धाम'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

साथ ही जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कल्लावाला, तहसील सांगानेर, तिवाडी वाले बालाजी के पास, जिला जयपुर में करीब 13 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रघुनन्दन एन्कलेव'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउन्ड्रीवाल, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी के निर्देशन में तीनों नवीन अवैध कालोनियों पर यह कार्रवाई की गयी इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गोल्डी और लॉरेंस गैंग के 9 बदमाश गिरफ्तार

● **आरोपियों में जयपुर के ज्वेलर का बेटा भी शामिल**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** देश के सात राज्यों में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस विश्नोई के सिंडिकेट पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक साथ कार्रवाई की है। कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जयपुर से भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पिता ज्वेलर हैं। पुलिस टीम ने इन बदमाशों के पास से 7 पिस्टल, 31 कारतूस और 11 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बुधवार सुबह से शाम तक दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में रेड की गई थी। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार सभी आरोपी एक-दूसरे के संपर्क में थे। अधिकांश आरोपियों की गोल्डी बराड़ से सीधे बात होती थी। गोल्डी से मिलने वाले डायरेक्शन पर ये लोग हर प्रकार का काम किया करते थे।

● **सोशल मीडिया के जरिए गैंगस्टर्स से जुड़ा**

दिल्ली पुलिस ने जयपुर से अभय सोनी उर्फ कार्तिक उर्फ कबीर (22) को गिरफ्तार किया है। वह चित्रकूट थाना इलाके में राम पथ का रहने वाला है। उसने 10वीं तक पढ़ाई की है। पैसों की समस्या के कारण उसने फेसबुक पर राजस्थान शूटर्स के नाम से एक ग्रुप बनाया।डकैती और अन्य अपराध करने के लिए अन्य आरोपियों के संपर्क में आया।

### पन्द्रह लाख लूट मामला : लूट की वारदात करने वाले तीन षड्यंत्रकारी गिरफ्तार

● **लूट करने वाले आरोपी और लूट की राशि के संबंध में पूछताछ जारी**



**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी.)।** अशोक नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) कार्रवाई करते हुए 24 अप्रैल को थाना इलाके के युधिष्ठिर मार्ग स्थित ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर पन्द्रह लाख रुपए लूट के मामले में खुलासा करते हुए लूट की वारदात करने वाले तीन षडयंत्रकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वारदात के समय मौजूद महिला कर्मचारी ने अपने दो साथियो के साथ लूट की वारदात का षड्यंत्र रचा था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से लूट करने वाले आरोपी, हथियार सहित लूट की राशि के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि 24 अप्रैल को थाना इलाके के युधिष्ठिर मार्ग स्थित ट्रेडिंग कार्यालय में घुसकर दो बदमाशों द्वारा हथियारों के दम पर पन्द्रह लाख रुपए लूट के मामले में अशोक नगर थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए साथ लूट की वारदात का षड्यंत्र रचने वाली महिला कर्मचारी शिप्रा गुप्ता (36) निवासी मुरलीपुरा जयपुर सहित उसके साथी मुकेश गुप्ता (25) निवासी मुरलीपुरा जयपुर और मनजीत सिंह राठौड़ (25) निवासी डीडवाना जिला जिला कुचामन-डीडवाना हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी जेबीआर ग्रुप के भरत सिंह और उसके साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस जानकारी के ट्रेडिंग कार्यालय में काम करने वाली गिरफ्तार महिला शिप्रा गुप्ता तलाकशुदा है। जो बहुत ही सामान्य परिवार से एवं वर्तमान के चलते धनाढ्य व्यक्तियों की तरह शौक रखती है।जिसने ऐशों आराम की जिंदगी जीने की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और अपने दोस्त मुकेश गुप्ता के साथ योजनाबद्ध तरीके से मनजीत सिंह के मार्फत भरत सिंह से सम्पर्क किया गया। और लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। लूट की वारदात के दौरान आरोपी शिप्रा गुप्ता मौके पर मौजूद रहकर आरोपियों को घटनास्थल के बारे में जानकारी देती रही। साथ ही आरोपी मुकेश गुप्ता घटनास्थल परिसर के बाहर खडा रहकर निगरानी करता रहा तथा बाद में वारदात आरोपी भरत सिंह व उसके साथी लूट की राशि लेकर मौके से फरार हुए जिनके साथ मुकेश गुप्ता भी यह दिखाता हुआ अपनी स्कूटी से उनके साथ निकल गया।गौरतलब है कि युधिष्ठिर मार्ग पर डीयर पार्क के सामने स्थित केसरी भवन बिल्डिंग में 24 अप्रैल को घुसकर दो बदमाशों ने दो महिलाओं को पिस्टल दिखाकर 15 लाख रुपए लूटे थे। यह कार्यालय इसी बिल्डिंग के मालिक डॉक्टर केसी चौधरी का है, जो कलेक्शन के लिए बनाया गया है। इस संबंध में नरेंद्र चौधरी ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर कडी से कडी जोडते हुए इस वारदात का खुलासा किया है।

## दो स्थानों पर अवैध बिल्डिगों को किया सील

# जयपुर विकास प्राधिकरण अवैध बहुउद्देशीय बिल्डिग निर्माण पर विधिसम्मत कार्रवाई को दिया अंजाम

चमकता राजस्थान

**जयपुर,!(खलील कुरैशी) 09 मई।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-04 में आदिनाथ नगर के भूखण्ड संख्या-एस2 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पु×ख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। लालबहादुर नगर के भूखण्ड संख्या-एस 50, 51 में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पु×ख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित एस.एल.मार्ग जयपुरिया अस्पताल लिंक रोड़ पर आदिनाथ नगर के





भूखण्ड संख्या- एस2 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 09.05.2024 को उक्त बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिग के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटर पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लालबहादुर नगर के भूखण्ड संख्या- एस 50, 51 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 09.05.2024 को उक्त बेसमेन्ट$04 मंजिला अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटर पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई । जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक-प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-04, 01, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# झोटवाड़ा में राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर खाद्य विभाग का छापा

## मौके पर मिली स्वास्थ्य संबंधी घौर लापरवाही एवं अनियमितता

चमकता राजस्थान


**जयपुर।(खलील कुरैशी)** मेडिकल एंड फूड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की टीम ने गुरुवार को झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा। इस दौरान यहां पर केक में कीड़े लगे पाए गए। बेकरी आइटम बनाने वाली ट्रे भी गंदी मिलीं। जगह-जगह चूहे घूमते दिखाई दिए। इससे खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया फैलने के खतरे, तमाम गंदगी और एक्सपायरी डेट की चीज मिलने पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया। इसका फूड लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया। गौरतलब है कि राजस्थान में किसी भी फैक्ट्री का फूड लाइसेंस सस्पेंड करने का यह पहला मामला है।

● **न मेन्युफैक्चरिंग और ना ही एक्सपाइरी डेट**

फूड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के एडिशनल कमिश्नर पंकज ओझा के नेतृत्व में टीम ने झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राधे बेकर्स की फैक्ट्री पर छापा मारा। ओझा ने बताया कि छापे के दौरान हमें बड़ी मात्रा में बेकरी में उपयोग होने वाले फूड कलर के डब्बे मिले हैं। इन पर एक्सपायरी डेट नहीं थी। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डेट भी नहीं थी। फैक्ट्री में बने केक की जांच की तो बहुत ही गंदा था। जो खुले में पड़ा था। इस पर मक्खियां और कीड़े मिले। उसके बाद हमारी टीम ने 15 किलोग्राम केक को नष्ट करवाया।

**केक में पड़े थे कीड़े-मक्खियां और फैक्ट्री में घूम रहे थे चूहे !**

● **फैक्ट्री सील... फूड लाइसेंस भी सस्पेंड ऐसा करने का प्रदेश में संभवतः पहला मामला**



● **पेस्ट्री ट्रे भी गंदी मिली**

» पंकज ओझा ने बताया कि इसके साथ ही पेस्ट्री और पेटीज बनाने में उपयोग आने वाली लोहे की ट्रे को भी देखा, जो बहुत गंदी थी। ऐसा लगा मानों इन्हें कई सालों से साफ नहीं किया गया।

● **राधे बेकर्स के जयपुर में कई आउटलेट स्थापित है**

» बता दें राधे बेकर्स के विद्याधर नगर समेत जयपुर में 3 से 4 आउटलेट हैं, जहां फैक्ट्री में बना सामान बेचा जा रहा है। टीम ने सिर्फ फैक्ट्री पर छापा मारा था, जहां से बिस्किट, पेस्ट्री, नानखटाई, खाने वाले फैन और फूड कलर को सील किया गया है। काजू और मूंगफली में भी फंगस लगी मिली। इन सभी सामान को जब्त कर लिया गया।

### आरयूएचएस के वीसी सुधीर भंडारी का इस्तीफा

● **हो सकती हैं उनके कार्यकाल की जांच**



डॉ. राजीव बगरहट्टा | डॉ. अचल शर्मा | डॉ. सुधीर भंडारी

**चमकता राजस्थान/जयपुर (का.स.)।** राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी ने गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात कर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में राज्य सरकार ने पहले ही सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा को उनके पद से हटा चुकी है। सूत्रों की माने तो सरकार ने भी भंडा भंडारी को पद से हटानी की तैयारी कर ली थी। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर इस मामले पर दोपहर को राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात करने वाले थे। इससे पहले ही भंडारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गौरतलब है कि डॉक्टर सुधीर भंडारी को स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (सोटो) के अध्यक्ष पद से भी हटाया जा चुका है।भंडारी के कार्यकाल की जांच कराने की तैयारी पिछले दिनों मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि राज्य सरकार डॉक्टर सुधीर भंडारी के पिछले कार्यकाल की जांच करवा सकती है। कोरोना कल के दौरान डॉक्टर भंडारी सवाई मानसिंह कॉलेज के प्रिंसिपल थे। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने उन्हें आरयूएचएस के वाइस चांसलर के पद पर बैठाया था। इससे पहले वो एसएमएस मेडिकल कॉलेज में जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर और यूनिट हेड रह चुके हैं।

● **मामला है रिश्वत लेकर आर्गन ट्रांसप्लांट की एनओसी देने का**

अप्रैल में एसीबी ने रिश्वत लेकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की एनओसी देने के मामले में एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी के अलावा प्राइवेट हॉस्पिटल फोर्टिस और ईएचसीसी के एक-एक अधिकारी को पकड़ा था। इसके बाद एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने सहायक प्रप्शासनिक अधिकारी गौरव सिंह को सस्पेंड कर दिया था। वहीं मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने इस मामले में ईएचसीसी, फोर्टिस एस्कोर्ट और मणिपाल हॉस्पिटल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने के लाइसेंस को रद्द कर दिया।

## 250 टीमों ने 500 से अधिक अस्पतालों का बारिकी से परिक्षण कर चिकित्सा व्यवस्था को खंगाला

# प्रदेशभर में चिकित्सा विभाग का विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान

# एसीएस शुभ्रा सिंह से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं मतबूती के लिए व्यापक निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की लगभग 250 टीमों ने प्रदेशभर में एक साथ करीब 500 चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया।अभियान के तहत चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, प्रसूति नियोजन दिवस,




गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा गया। इन सभी बिन्दुओं के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं को और बेहतर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों एवं लूव तापघात से निपटने की तैयारियों का भी अवलोकन किया गया।

● **जल्द शुरू होगा ब्लड बैंक.....**

» सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर एवं ड्यूटी रोस्टर रजिस्टर को भी चैक किया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अस्पताल के ब्लड बैंक को एक माह में शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि अस्पताल में आवश्यक प्रकृति के कार्यों एवं सेवाओं के लिए आरएमआरएस फंड का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसकी नियमित बैठक भी आयोजित किए जाने पर जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लू–तापघात एवं गर्मी जनित बीमारियों बचाव एवं उपचार के लिए अस्पताल में की गयी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हीट स्ट्रोक से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए तैयार किए गये मॉडल वार्ड को देखा और गर्मी जनित बीमारियों के उपचार के लिए किए गए प्रबंधन की सराहना की।

### टीमों ने 27 जिलों के आशान्वित ब्लॉक का किया निरीक्षण

» अभियान के तहत राज्य स्तरीय टीमों द्वारा 27 जिलों के आशान्वित ब्लॉक बांसवाड़ा के छोटा डूंगरा, बारां के किशनगंज, बाड़मेर के रामसर, भरतपुर के भुसावर, बीकानेर के कोलायत, बूंदी के कापरेन, चित्तौडगढ़ के निम्बाहेड़ा, चुरू के राजगढ़, दौसा के रामगढ़–पचवारा, धौलपुर के बसेड़ी, डूंगरपुर के जोथारी एवं गंगारपुर सिटी में निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार हनुमान के संगरिया, जैसलमेर के फतेहगढ़, जालौर के आहोर, झालावाड़ के खानपुर, जोधपुर ग्रामीण के शेरगढ़, करौली के मासलपुर, कोटपूतली के शाहजहांपुर, नागौर के जायल, पाली, प्रतापगढ़ के पीपल खूंट, राजसमंद के भीम, शाहपुरा के कोटड़ी, सिराही के आबूरोड़, टॉक के पीपलू एवं उदयपुर के खेरवाड़ा में निरीक्षण किया गया। शेष जिलों में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्तर पर गठित टीमों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट राज्य स्तर पर भिजवाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेताओं की संतानें विदेशों में पढ़ रही, गरीब के बच्चे के लिए इंग्लिश मीडियम बंद कर रहे, ये दूर्भाग्यपूर्ण : डोटासरा

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी .)।** राजस्थान सरकार के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का रिव्यू करने के फैसले को लेकर अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों



के साथ मिलकर बीजेपी सरकार इंग्लिश मीडियम स्कूल को बंद करने की तैयारी कर रही है। सरकार के फैसले को कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देगी।डोटासरा ने कहा कि बीजेपी के नेता अपने बच्चों को विदेश और अच्छे कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने भेजना चाहते हैं लेकिन जब गरीब का बच्चा सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ अपना भविष्य बनाना चाहता है। तो यह लोग उसको कागला, कमेड़ी और बांदरा पढ़ना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस उन्हें ऐसा कभी नहीं करने देगी। अगर सरकार प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार ही करना चाहती है। तो प्रदेशभर में जहां इंग्लिश मीडियम स्कूल की कमी है। उन्हें वहां नए स्कूल खोलने चाहिए। अगर किसी स्कूल में स्टाफ कीकमी है। वहां पर नया स्टाफ लगाना चाहिए। शिक्षकों की नई भर्ती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के प्राइवेट स्कूलों में तो पढ़ाने के लिए टीचर उपलब्ध है। न जाने क्यों बीजेपी सरकार को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने के लिए अब टीचर तक नहीं मिल रहे हैं।डोटासरा ने कहा कि प्रदेशभर के इंग्लिश मीडियम स्कूलों में फिलहाल 6 लाख 50 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स में पढ़ रहे हैं। ऐसे में अगर इंग्लिश मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में कन्वर्ट किया गया। क्या यह गरीब घर के बच्चे एक एक लाख रुपए फीस देकर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसलिए सरकार को इंग्लिश मीडियम स्कूल बंद करने की जगह नई स्कूल खोलने पर नए शिक्षकों की भर्ती पर फोकस करना चाहिए।

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जनता दरबार

- जनता की समस्याएं सुनी और किया मौके पर निराकरण



**चमकता राजस्थान। जयपुर! ;(खलील कुरैशी)।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में अलवर शहर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जूली ने आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश देते हुए आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण की बात कही। जूली ने अलवर शहर विधायक और भारतीय जनता पार्टी की पर्ची सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि शहर सहित पूरे जिले में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है और चुनाव में जनता को वादों का पानी पिलाने वाले शहर विधायक और प्रदेश सरकार अब कोप भवन में है। उन्हें जनता की समस्या बनी पानी के मुद्दे से कोई सरोकार नहीं है। जूली ने स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि ईआरसीपी के जुमलो का पानी प्रदेश के कई जिलों में पहुंचने का भारतीय जनता पार्टी के नेता वादा कर रहे हैं सदन में उस ईआरसीपी का एमओयू तक नहीं दिखाया गया। जूली ने कहा कि आचार संहिता हटने के बाद मजबूत विपक्ष के रूप में अलवर की जनता के कठो को तर करने के लिए विपक्ष मजबूती से धरातल पर लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पूरे प्रदेश में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है जनता विभाग के अधिकारियों का घेराव कर रही है, प्रदर्शन कर रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माचड़ी गांव से पानी की समस्या को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को जूली ने शीघ्र ही विधायक निधि कोष से बोरिंग करवाने का भरोसा दिलाया।



» अक्षय तृतीय के पावन अवसर पर श्री बांके बिहारी मंदिर वृंदावन में अलौकिक और मनोरम दृश्य

# परिवार की पांचों सीटें हारेगी सपा,नहीं खुलेगा खाता : योगी

- देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार
- कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ



**लखीमपुर खीरी। एजेंसी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। सपा मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने खीरी सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के समर्थन में गोला में आयोजित जनसभा में कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही हैं।

एक तरफ कांग्रेस के कार्यकाल में जहां देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे वहीं दूसरी तरफ सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के केस वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरा को नमन करते हुए महाराणा प्रताप की पावन जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे अयोध्या नई अयोध्या बन गई है।

### संगठन के समर्पित कार्यकर्ता थे स्व गोविंद मालू: नरेन्द्र सिंह तोमर



**भोपाल। एजेंसी**

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मप्र खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता गोविन्द मालू के आकस्मिक निधन पर गहन दुख जताया है। उन्होंने कहा कि गोविंद मालू भाजपा के एक समर्पित एवं कर्मठ कार्यकार्ता थे। उन्होंने सदैव संगठन के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से निभाया। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने गुरुवार को अपने शोक संदेश में कहा कि गोविंद मालू का आक्समिक निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। स्व. मालू सदैव सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे एवं सक्रियता के साथ उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। तोमर ने परम पिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को इस संकट की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। गौरतलब है कि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविन्द मालू का बुधवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें सीवियर कार्डियक अरेस्ट आया था।

## काशी की जनता अपने प्रधानसेवक मोदी के भव्य स्वागत के लिए तैयार : सुनील

**वाराणसी। एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि काशीवासियों का ये सौभाग्य है कि पिछले दस सालों से काशी का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार भी काशी को ही चुना है। इसलिए काशी की जनता सड़कों पर उतर कर अपने सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत के लिए तैयार है। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल बुधवार की देर शाम कैंट विधानसभा के पार्टी कार्यकताओं को महमूरगंज स्थित तुलसी उद्यान कार्यालय तथा शहर दक्षिणी विधानसभा के कार्यकताओं को पिपलानी कटरा स्थित सरोजा पैलेस में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं। उनके अभूतपूर्व स्वागत के लिए काशी की जनता बेकरार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि




आप लोगों के घर जाकर प्रधानमंत्री के आगमन की जानकारी दें और लोगों को रोड शो में आने के लिए निमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी काशी के विकास के लिए अनेकों कार्य किए हैं। आज काशी पूरी तरह से बदल चुकी है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के नामांकन के पश्चात हमें 15 दिनों का समय मिल रहा है। इन 15 दिनों में हमें घर घर जाकर संपर्क करना है और साथ ही बीजेपी समर्थकों को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि 80 फीसदी से ज्यादा मतदान कराना हमारी जिम्मेदारी है। 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होगा तभी ऐतिहासिक विजय दिलाने में हमें सफलता मिलेगी। नए वोटरों से मिलकर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करना हमारी जिम्मेदारी है। 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमें नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलता दिलानी होगी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण ही हम वैश्विक मंच पर पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे है।

## ईडी को अडाणी और अंबानी की जांच करनी चाहिए : संजय राऊत

**मुंबई। एजेंसी**

शिवसेना (यूबीटी) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी की जांच करनी चाहिए। संजय राऊत ने कहा कि बुधवार को पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी) उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी के काले धन पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है।

संजय राऊत ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी पर वित्तीय हेराफेरी का आरोप लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक जिम्मेदार व्यक्ति प्रधानमंत्री के इस बयान को आधिकारिक बयान मानना चाहिए और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच करनी चाहिए और अंबानी के साथ-साथ अडाणी को भी गिरफ्तार करना



चाहिए। संजय राऊत ने तेलंगाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो प्रचार सभाओं का हवाला दिया। यह भी कहा जा रहा है कि इस कार्यक्रम के जरिए मोदी ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी का जिक्र किया है।

संजय राउत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी का काला धन पूरी रफ्तार से कांग्रेस के पास जा रहा है। कांग्रेस उस पैसे पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब है कि मोदी को इस भ्रष्टाचार, इस अनाचार के बारे में पता है।

### सब इंस्पेक्टर के पैर में लगी गोली, गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती

**मुरैना।** मुरैना पुलिस के साइबर सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर अभिषेक जादौन के पैर में गोली लगी है। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पहले तो इस मामले को पुलिस छिपाती रही। शुरूआत में सरिया लगने की बात बताई गई, लेकिन बाद में मामला खुलने पर बताया कि राइफल साफ करते हुए गोली लग गई है। जानकारी के मुताबिक साइबर, गुरुवार सुबह सेल प्रभारी एसआई अभिषेक सिंह जादौन के पांव में गोली लगने के बाद घायल हालत में जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस कर्मचारी इस घटना को पहले तो छुपाते रहे और पांव में सरिया घुसने की बात बताते रहे थे, लेकिन डॉक्टरों ने साफ कहा कि पांव में गोली लगी है। इसके बाद पुलिसकर्मी भी कहने लगे कि राइफल की सफाई करते समय गलती से चली। गोली पांव में घुस गई है। मामला पूरी तरह संदिग्ध है। घायल एसआई को जिला अस्पताल से ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## इंडिया के लोग इंडिया गठबंधन को सत्ता की चाभी सौंपने वाले हैं: कमलनाथ



**भोपाल। एजेंसी**

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 में तीन चरणों में मतदान संपन्न हो चुके हैं। आगामी 13 मई को चौथे चरण में मतदान डाले जाएंगे। तीन चरणों की वोटिंग पूरी होने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस में जुबानी जंग छिड़ गई है। दोनों ही दल अपनी अपनी जीत के दावे का रहे हैं। इस बीच मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा पर तंज कसते हुए जीत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि इंडिया के लोग इंडिया गठबंधन को सत्ता की चाबी सौंपने वाले हैं।

कमलनाथ ने गुरुवार सुबह सोलश मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा भाजपा शुरू से इस चुनाव को मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही थी लेकिन भटकाते-भटकाते अब खुद ही भटक गई है। इस लोकसभा चुनाव में जनता का मानस अब स्पष्ट बन चुका है। कमलनाथ ने दावा करते हुए कहा कि इंडिया के लोग इंडिया गठबंधन को सत्ता की चाभी सौंपने वाले हैं। भाजपा का नेतृत्व देश के किसान, नौजवान, महिलाओं, सरकारी कर्मचारी, दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक या किसी वर्ग के बारे में कोई भी नीति या नीयत स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। ऐसी गुमराह पार्टी से देश की रक्षा करने के लिए भारत के नागरिक तैयार हैं।

## लखनऊ : भाजपा सरकार में मुस्लिम वर्ग सभी योजनाओं से लाभान्वित हो रहें: डा. दिनेश शर्मा

**लखनऊ। एजेंसी**

महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा.दिनेश शर्मा ने कहा कि जो लोग चुनाव के वक्त टोपी पहनकर मुस्लिम के बीच जाते रहे हैं, उन्होंने मुस्लिम को क्या दिया। ना कभी गैस चूल्हा दिया और ना ही युवतियों की शादी के लिए शादी अनुदान के तहत धनराशि दी। ना ही किसी विकास योजना का लाभ ही पहुंचाया। हमारी केन्द्र की भाजपा सरकार में मुस्लिम वर्ग सभी योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने लखनऊ के पश्चिम विधानसभा के लॉ प्लास में आयोजित अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में कहा कि आजतक अखिलेश यादव और मायावती ने मुस्लिम वर्ग के लोगों को किस योजना का लाभ पहुंचाया। ये सत्ता में आते थे, तब कर्फ्यू लगता था। कर्फ्यू



लगने पर हर वर्ग के गरीब लोगों को नुकसान होता था।

डा. दिनेश ने कहा कि साइकिल का पंचर बनाते हुए मुस्लिम आज मशीन पर काम करते हुए दिखायी देते हैं। जबकि कांग्रेस ने इनका वोट लिया, सपा ने लिया, बसपा ने वोट लिया और इनके हालात को तीनों पार्टियों ने नहीं बदला। कांग्रेस, सपा और बसपा ने मुस्लिम को शिक्षा से दूर रखा, क्योंकि ये दल जानते थे कि जो मुस्लिम वर्ग शिक्षित हो गया तो वो भाजपा, अटल बिहारी बाजपेयी और राजनाथ सिंह का हो कर रह जायेगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में आयी तो अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया। अब्दुल हमीद और अशफाक उल्ला खां का स्मारक भी बनवाया। भाजपा ने जाति और धर्म के नाम पर कोई काम नहीं किया। यह पढ़ा लिखा वर्ग जानता है। धर्मगुरु कल्वे जव्वाद साहब या मौलाना फिरंगी महली साहब से जाकर पूछिये तो उनके दिल में राजनाथ सिंह के लिए सम्मान है।

भाजपा की सरकारों के कार्यों पर उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन हमारी सरकार दे रही है। मुस्लिम वर्ग भी मुद्रा लोन लिया और अपने कारोबार को बढ़ाया। पांच लाख तक आयुष्मान कार्ड से फ्री उपचार की सुविधा भाजपा सरकार दे रही है। जिसे आसानी बनवाया जा सकता है। मेरी अपील है कि राजनाथ सिंह को मुस्लिम क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा वोट देकर विजयी बनायें। इस बार यह संदेश जाये कि राजनाथ सिंह चुनाव जीते हैं तो सिर्फ हिन्दू ही नहीं मुस्लिम वोटों से जीते हैं।

## देव उठनी ग्यारस पर त्रिवेणी धाम आयोजित होगा जांगिड़ ब्राह्मण समाज का 17 वां विवाह सम्मेलन

**चमकता राजस्थान**

**मनोहरपुर( खलील कुरैशी)।** देव उठनी एकादशी पर त्रिवेणी धाम शाहपुरा में जांगिड ब्राह्मण का सामूहिक विवाह सम्मेलन समीति के सांनिध्य में 17 वॉ विशाल सम्मेलन आयोजित होगा। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समीति के लखन लाल नायन के बताया कि त्रिवेणी धाम विश्वकर्मा मन्दिर के नवनियुक्त समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रभुदयाल भामोद की अध्यक्षता में अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष गजानन्द जांगिड़ की मुख्य आतिथ्य में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। उल्लेखनीय हैं कि बारे में आगे लखन लाल जांगिड़ ने बताया



कि विवाह सम्मेलन 31 जोडो का त्रिवेणी धाम शाहपुरा में अयोजित होगा। इसके लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जो कि इस प्रकार हैं मोहनलाल खोरा वाले को कोषाध्यक्ष, मदनलाल हरसोलिया को कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिवदयाल जाला, उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल धानौता, मंत्री पद पर छाजू लाल धानोता तथा समीति संरक्षक में बाला सहाय चिचावा,कज्जूलाल धानोता लखन लाल नायन, मुरलीधर गभानाला, मनोहरलाल जांगिड़ साधूराम जांगिड़, बृजमोहन जाला मनोहरपुर मामराज चिचावा पूर्व अध्यक्ष तहसील सभा शाहपुरा, सत्यनारायण जांगिड़, आनन्दी लाल ग्यारह सदस्य बनाये गये।कार्यकारिणी के सह कोषाध्यक्ष रामोवतार डेरालिया तथा कार्यकारिणी सदस्य चिरंजी लाल बलेसर, बबूलाल पापड़ी कैलाश चंद सिटोठी, लल्लू धानौता, राहुल शर्मा युवा प्रकोष्ठ जयपुर बाबूलाल, बलदेव जांजे गोर्वधन नाथावाला को बनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गजानन्द जांगिड़ ने कहा कि विवाह सम्मेलन आयोजन से समाज में प्रेम व्यवहार को बल मिलता बल्कि कम खर्चे में अच्छा संदेश जाता है।

- **ये गणमान्य समाज बंधु रहे मौजूद**

» इस अवसर पर मनोहर लाल श्वङ्गह, कज्जू लाल, पूर्व अध्यक्ष मामराज चिचावा प्रदेश सभा गजानन्द जांगिड़, लल्लू लाल, साधूराम, बाबू लाल सहित जांगिड ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ गणमान्य भी मौजूद थे।

- **अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति लिया गया फैसला**
- **सामुहिक विवाह सम्मेलनों से समय,धन की अनावश्यक बर्बादी से मिलती हैं मुक्ति : गजानंद जांगिड़**

## एक नजर

### चैंपियंस लीग : बायर्न म्यूनिख को हराकर फाइनल में पहुंचा रियल मैड्रिड



**मैड्रिड।** स्थानापन्न खिलाड़ी जोसेलु के अंतिम क्षणों में किये गए दो गोलों की मदद से रियल मैड्रिड ने बुधवार को बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्रों में दूसरी बार चैम्पियंस लीग के फाइनल में जगह बनाई। मैच में बायर्न 88वें मिनट तक स्थानापन्न खिलाड़ी अल्फोंसो डेविस के गोल की बदौलत 1-0 से आगे चल रहा था,लेकिन इसके बाद जोसेलु ने गोलकीपर मैनुअल नॉयर की गलती का फायदा उठाते हुए गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 से बराबरी दिला दी। दो मिनट बाद जोसेलु ने अपना दूसरा गोल करते हुए रियल मैड्रिड को 2-1 से जीत दिला दी। रियल मैड्रिड ने 4-3 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमें के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 2-2 से बराबरी पर रहा था। रियल मैड्रिड अब अपने 15वें चैंपियंस लीग खिताब के लिए 2 जून को लंदन में बोरूसिया डॉर्टमुंड का सामना करेगा। 1997 के यूरोपीय चैंपियन बोरूसिया डॉर्टमुंड ने मंगलवार को पेरिस सेंट-जर्मेन को कुल मिलाकर 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने नॉर्थम्पटनशायर के साथ किया करार



**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल अगले तीन काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए अल्पकालिक सौदे पर नॉर्थम्प्टनशायर में शामिल होंगे। नॉर्थम्प्टनशायर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, सिद्धार्थ ने 284 प्रथम श्रेणी विकेट, 16 प्रथम श्रेणी पांच विकेट हॉल लिए हैं और वह अपनी नई काउंटी के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। 33 वर्षीय कौल ने 2018 में तीन टी20 और तीन वन-डे मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज और लॉर्ड्स में दो बार विकेट नहीं ले पाए। हाल ही में, कौल ने रणजी ट्रॉफी में पंजाब का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 31.26 के सीजन औसत से 15 विकेट लिए। नॉर्थम्प्टनशायर के हवाले से कौल ने कहा, मैं नॉर्थम्प्टनशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां आकर बहुत खुश हूं और टीम को मैच जीतने और पदोन्नति के लिए प्रेरित करने में मदद करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे विश्वास है कि मैं मैच में किसी भी स्थिति में अपने साथियों को जीतने में मदद करने के लिए अपनी सकारात्मक मानसिकता और अनुभव लाऊंगा।

### पीजीडीएवी स्वामी दयानंद सरस्वती टी-20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट के फाइनल में




**नई दिल्ली।** आर्यन शर्मा, श्रेष्ठ पी. यादव और अंकित के शानदार खेल की बदौलत पीजीडीएवी ने बुधवार को हिंदू कॉलेज को 3 रन से हराकर द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। हिंदू कॉलेज टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पीजीडीएवी कॉलेज ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 173 रन बनाए। आर्यन शर्मा ने 25 गेंदों में 38 रन, श्रेष्ठ पी. यादव ने 30 गेंदों में 37 रन बनाए। हिंदू कॉलेज की ओर से सिद्धांत ने 4 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट लिए। जवाब में हिंदू कॉलेज की पूरी टीम 20 ओवर में 170 रन पर ऑल आउट हो गई। हिंदू कॉलेज की ओर से आदी ने 34 गेंद में 65 रन एवं आर्यन चौधरी ने 38 गेंद में 44 रन बनाए। पीजीडीएवी की ओर से अंकित कुमार ने 33 रन देकर 3 विकेट झटके। पीजीडीएवी कॉलेज टीम के आर्यन शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली। एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की है, जो एंटवर्प, बेल्जियम और लंदन, इंग्लैंड में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भाग लेगी।

बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम, 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत वर्तमान में आठ मैचों में 15 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। टीम की कमान कप्तान हरमनप्रीत सिंह संभालेंगे। वहीं, मिडफील्डर हार्दिक सिंह को उपकप्तान बनाया गया है।

टीम के चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''हम शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेल को समझने में सक्षम हैं। पेरिस ओलंपिक से पहले, हम शीर्ष गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलेंगे जो हमें अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद करेगी। यह एक अवसर होगा और यह मूल्यांकन करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा कि हम एक टीम और व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में कहां खड़े हैं। यह हमारी ताकत का पता लगाने और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इसका पता लगाने का एक शानदार तरीका होगा। इस बीच, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम ओलंपिक वर्ष में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के साथ सीजन की शुरूआत करने के लिए उत्सुक हैं, जहां हम शीर्ष-गुणवत्ता वाली टीमों के साथ खेलेंगे। हमने खिलाड़ियों को अनुभव देने के लिए एक टीम चुनी है और इससे मुझे पेरिस ओलंपिक से पहले कुछ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा मोड में देखने का मौका भी मिलेगा। हमने बेंगलुरु के साई सेंटर में शिविर लगाया था, जहां हमने कठोर प्रशिक्षण सत्र लिए और उन क्षेत्रों में सुधार किया जहां हमें लगा कि हमें सुधार की आवश्यकता है। हम मैचों का इंतजार कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि हम अपने पक्ष में परिणाम प्राप्त करेंगे।



**भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है:-**

**गोलकीपर :** श्रीजेश परट्टू रवींद्रन, कृष्ण बहादुर पाठक।
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह।
**मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह (उपकप्तान), राजकुमार पाल, मोहम्मद राहील मौसीन।
**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराजित सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी।

## कोचिंग की भूमिका के लिए बीसीबी की शॉर्टलिस्ट में हेनरिक मालन भी शामिल



**नई दिल्ली। एजेंसी**

आयरलैंड के मुख्य कोच हेनरिक मालन उन चार उम्मीदवारों में शामिल हैं जिन्हें बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हाई परफॉरमेंस यूनिट के मुख्य कोच पद के लिए चुना है। यह पद डेविड हेम्प के बल्लेबाजी कोच के रूप में राष्ट्रीय पुरुष सीनियर टीम में शामिल होने के बाद से रिक्त है। 27 फरवरी को, बीसीबी ने हेम्प को बांग्लादेश पुरुष टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया, जो मई 2023 से एचपी यूनिट के मुख्य कोच थे।

बीसीबी हेम्प के प्रतिस्थापन की तलाश में है क्योंकि एचपी कार्यक्रम मई के मध्य में शुरू होने वाला है। क्रिकबज के अनुसार, मालन ने नई चुनौती लेने की संभावना से पूरी तरह से इनकार नहीं किया है। बीसीबी एचपी यूनिट के चेयरमैन नैमुर रहमान ने बुधवार को क्रिकबज से बातचीत में कहा, हम आने वाले सप्ताह में एचपी यूनिट प्रमुख के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए कोचों का साक्षात्कार लेंगे।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीसीबी मालन को लेने के लिए उत्सुक होगी, क्योंकि वह एचपी शिविर की शुरूआत से उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, क्योंकि उनसे आगामी आईसीसी टी 20 विश्व कप में आयरलैंड की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मार्गदर्शन करने की उम्मीद है, जो जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में निर्धारित है। मालन के अलावा, बीसीबी तीन अन्य नामों पर भी विचार कर रहा है, जिनमें गवन ट्विनिंग (ऑस्ट्रेलिया), नाथन हॉरिट्ज (ऑस्ट्रेलिया) और पॉल एडम्स (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं।

## केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान लैवेंडर जर्सी पहनेगी गुजरात की टीम



**नई दिल्ली। एजेंसी**

गुजरात टाइटन्स (जीटी) की टीम कैंसर जागरूकता के प्रति समर्थन दिखाने के लिए 13 मई को अहमदाबाद में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने अंतिम आईपीएल 2024 घरेलू मैच के दौरान लैवेंडर रंग की जर्सी पहनेगी।

फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। यह लगातार दूसरा साल होगा जब टाइटन्स लैवेंडर जर्सी पहनकर कैंसर रोगियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। गुजरात स्थित फ्रेंचाइजी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह इशारा कैंसर के रोगियों में परिणामों में सुधार के लिए प्रारंभिक पहचान और गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक पहुंच के महत्व की याद दिलाता है। बयान में आगे कहा गया, यह पहल प्रशंसकों को कैंसर की रोकथाम के बारे में शिक्षित करने में मदद करेगी और जीवनशैली में बदलाव और शुरूआती पहचान के लिए नियमित जांच के महत्व पर जोर देगी।'' बता दें कि इससे पहले आईपीएल 2023 संस्करण में, टाइटन्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान विशेष जर्सी पहनी थी।

## पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**नारायणपुर।** दिल्ली ने गुरुवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड पर केरल को टाई-ब्रेकर के जरिए हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कर्नाटक और मणिपुर के बाद दिल्ली सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई है। मैच में हाफटाइम तक केरल 2-1 से आगे था, लेकिन दिल्ली ने 65वें मिनट तक वापसी करते हुए 3-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, केरल ने 73वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली। केरल ने मैच के 16वें मिनट में बढ़त हासिल की जब स्ट्राइकर अहमद अनफास ने बाएं से मिले क्रॉस को गोल पोस्ट में डाल दिया। दिल्ली ने आठ मिनट बाद कॉर्नर किक से बराबरी कर ली जब सोनम त्सावांग लोखम ने हेडर से बेहतरीन गोल किया। हाफ-टाइम से पहले अनफास ने एक बार फिर डिफेंडरों को चकमा देकर गोल किया और केरल को 2-1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में 60वें मिनट में रमेश छेत्री ने गोल कर दिल्ली को 2-2 से बराबरी दिलाई। पांच मिनट बाद ही स्थानापन्न अक्षय राज सिंह ने गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया।

## आईपीएल : प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को दस विकेट और 10.2 ओवर शेष रहते हरा दिया, जिसके बाद मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। एलएसजी के खिलाफ मिली जीत के बाद हैदराबाद की टीम 14 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स शीर्ष दो स्थानों पर 16-16 अंकों के साथ काबिज हैं।

14 मई को एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स आमने-सामने होंगे और उनमें से जीतने वाली टीम 14 अंक हासिल कर लेगी। अगर मुंबई की टीम अपने बचे हुए दो लीग मैच जीत लेती है, तो वह अधिकतम 12 अंक हासिल कर सकती है, जिससे वह शीर्ष चार से बाहर हो जाएगी। गुरुवार को हारने वाली टीम का भी यही हश्र होगा, जब पंजाब किंग्स धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी।

मुंबई ने अपने नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में लगातार तीन हार के साथ सीजन की शुरूआत की। हालांकि उन्होंने अपने अगले चार मैचों में से तीन जीते, लेकिन चार हार के कारण उनके प्लेऑफ की संभावनाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। जसप्रीत बुमराह मुंबई के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे, उन्होंने 12 मैचों के बाद 6.20 की इकॉनमी के साथ 18 विकेट लिए और वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं। हालांकि, टीम के अन्य गेंदबाजों में से कोई भी इतना किफायती नहीं रहा है, और उनके बल्लेबाजों ने भी खराब प्रदर्शन किया है, 12 पारियों के बाद कोई भी 400 से अधिक रन नहीं बना पाया है। तिलक वर्मा 42.66 की औसत से 384 रन बनाकर उनके सर्वोच्च स्कोरर हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव नौ पारियों में 334 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं।

## ब्रैंडन मावुता ने की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी



**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने वेस्ली मधेवेरे और ब्रैंडन मावुता की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की पुष्टि की है। इन दोनों को दिसंबर में ड्रग के सेवन के कारण निलंबित कर दिया गया था। मधेवेरे और मावुता को प्रतिबंधित दवाओं के उपयोग के लिए चार महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था, यह तथ्य इन-हाउस ड्रग टेस्ट के दौरान सामने आया। मधेवेरे और मावुता ने आखिरी बार जिम्बाब्वे के लिए दिसंबर, 2023 में आयरलैंड दौरे पर खेला था। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने एक बयान में कहा, ''मैं वेस्ली और ब्रैंडन का प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी पर स्वागत करते हुए प्रसन्न हूं। दोनों खिलाड़ियों ने पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरने के बाद ड्रग टेस्ट भी पास किया है, ताकि यह पता चल सके कि वे अब निर्दोष हैं या नहीं।

## कैरोलिना मारिन ने प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार जीता



**मैड्रिड।** स्पेनिश बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन को बुधवार को खेल के लिए 2024 प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। 30 वर्षीय मारिन को अक्टूबर में उत्तरी स्पेन के ओविएडो शहर में आयोजित एक समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया जाएगा। प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस पुरस्कार आठ श्रेणियों- खेल, कला, संचार और मानविकी, सामाजिक विज्ञान, साहित्य, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, तकनीकी व वैज्ञानिक अनुसंधान और सामंजस्य में दिए जाते हैं। दक्षिण-पश्चिम स्पेन के ह्यूएलवा शहर में जन्मी मारिन ने रियो ओलंपिक 2016 में स्वर्ण पदक जीता और 2014, 2015 और 2018 में विश्व चैंपियनशिप में भी जीत हासिल की, जिससे वह तीन बार खिताब जीतने वाली एकमात्र गैर-एशियाई खिलाड़ी बन गईं। वह यूरोपीय चैंपियनशिप में सात स्वर्ण पदक जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी भी हैं।

# वाणिज्य

## शेयर बाजार पर दबाव सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में एक बार फिर दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की मिली जुली शुरूआत हुई थी। सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ खुलने में सफल रहा था, जबकि निफ्टी ने गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत और निफ्टी 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

प्रथम एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, आयशर मोटर्स और टाटा मोटर्स के शेयर 6.03 प्रतिशत से लेकर 1.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर लार्सन एंड टुब्रो, डिवीज लेबोरेट्रीज, टीसीएस, टेक महिंद्रा और बीपीसीएल के शेयर 3.59 प्रतिशत से लेकर 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।


अभी तक के कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 2,075 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 981 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,094 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.34 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की उछाल के साथ 83.92 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.42 डॉलर यानी 0.53 फीसदी बढ़कर 79.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## सर्राफा बाजार की तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी के भाव में कुछ गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



लगातार तीन दिन तक तेजी का नजारा कराने के बाद घरेलू सराफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में सोने के भाव में 100 रुपये से 150 रुपये तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट सोना 72,260 रुपये से 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये से 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज कमजोरी नजर आ रही है। इस कमजोरी के कारण आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 72,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक सपाट स्तर पर बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.03 अंक की सांकेतिक कमजोरी के साथ 5,187.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,302.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.12 प्रतिशत टूट कर 39,008.94 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,354.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.69 प्रतिशत उछल कर 8,131.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,498.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,338.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.14 प्रतिशत लुढ़क कर 20,671.49 अंक तक गिर गया है।

# राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के थिंक टैंक सैम पित्रोदा का नॉर्थ ईस्ट और दक्षिण भारतीयों के खिलाफ नस्लभेदी टिप्पणी निंदनीय: घनश्याम तिवाड़ी

## कांग्रेस पहले जाति के आधार पर, फिर धर्म के आधार पर और अब नस्ल के आधार पर तोड़ना चाहती है भारत को: घनश्याम तिवाड़ी

- **हिमालय के 'हि' और इन्दुसागर के 'न्दु' शब्द को मिलाकर बना हैं हिन्दुस्तान, कांग्रेस हिन्दू संस्कृति के खिलाफ:-घनश्याम तिवाड़ी**
- **भाजपा एक जन, एक राष्ट्र और एक संस्कृति को मानने वाली, जबकि कांग्रेस भारत की संस्कृति का अपमान करने वाली पार्टी:- घनश्याम तिवाड़ी**

चमकता राजस्थान




जयपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा नॉर्थ ईस्ट और दक्षिण भारतीयों पर दिए गए नस्लभेदी बयान की कड़ी निंदा की। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के मूल में यही अंतर है कि भाजपा भारत को एक राष्ट्र मानती है जबकि कांग्रेस भारत को अलग-अलग राष्ट्रों का समूह मानती है। भाजपा की स्थापना के बाद मुंबई के शिवाजी पार्क में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने पंच निष्ठाओं के माध्यम से बताया था कि भाजपा एक जन, एक राष्ट्र और एक संस्कृति के ध्येय वाक्य को मानने वाली पार्टी हैं।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस देश में धर्म, जाति और क्षेत्र की राजनीति करती आ रही है, उसी तरह अब नस्लभेदी राजनीति भी करने लगी है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के थिंक टैंक सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीति से मेल खाता है। सैम पित्रोदा का मूल नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा था, लेकिन उन्हें ना ही सत्य नारायण शब्द पसंद आया और ना ही गंगाराम। उन्होने अपने नाम को ही सैम कर दिया। पित्रोदा ने आसाम और पूर्वोत्तर के लोगों को चीनी लोगों जैसा दिखने वाला बताया और दक्षिण भारत के लोगों को दक्षिण अफ्रीकी नस्ल वाला बताया। पित्रोदा का यह बयान नस्लवादी दृष्टिकोण के साथ भारत को बांटने वाला है।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि ''हिमालयात समारभ्य यावत इन्दु सरोवरम्। तं देवनिर्मितं देशं हिन्दुस्थान प्रचक्षते'' अर्थात हिमालय के 'हि' शब्द से तथा इन्दुसागर के 'न्दु' शब्द को मिलाकर हिन्दुस्तान नाम रखा गया है। हिमालय से शुरू होकर कन्याकुमारी तक जो भू-भाग है वह पूरा हिन्दुस्तान है। भारत की ये संस्कृति कांग्रेस को पसंद नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत को दक्षिण, तमिल, उत्तर के आधार पर बांटना चाहते है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी के शिवकुमार ने दक्षिण को अलग राष्ट्र बनाने तक की सिफारिश की थी। कांग्रेस की सहयोगी पार्टी के एक नेता ने राज्यसभा में भारत को कई राष्ट्रों का समूह बताया, जिसका मैंने विरोध किया था। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पहले जाति के आधार पर, फिर धर्म के आधार पर और अब नस्ल के आधार पर देश को तोड़ना चाहती है। कांग्रेस का हाल ऐसा है कि ''उम्र भर गालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईने को साफ करता रहा''। कांग्रेस के चेहरे पर जो नकाब था वो अब हट गया है।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि सैम पित्रोदा का बयान जिसमें उन्होंने असम के लोगों को चीनी नस्ल का बताया था, यह बयान आसाम के लाचित बरफूकन जैसे वीर सेनापति का अपमान है वहीं दक्षिण भारत के लोगों को दक्षिण अफ्रीकी नस्ल का बताना चोल राजाओं का अपमान है। पित्रोदा का बयान भारत के वेदों, शंकराचार्यों और संस्कृति का अपमान है। कांग्रेस भारत को तोड़ने में लग रही है। कांग्रेस पार्टी भारत के राष्ट्र के एकाग्रता के साथ विश्वासघात कर रही है।

इस दौरान मंच पर भाजपा मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत और भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### परियोजना निदेशक महिपाल सिंह,एनएचएम ने किया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरदार पटेल का परीक्षण

- **जिलेभर में एक साथ हुआ चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण**
- **मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के साथ लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों की तैयारियों की समीक्षा**



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 09 मई।** मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से जिले में गुरूवार को विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इसमे परियोजना निदेशक महिपाल सिंह, एनएचएम ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरदार पटेल का निरीक्षण किया और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के साथ लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ने चिकित्सा संस्थानों का एक साथ निरीक्षण किया। गुरुवार को सुरक्षित मातृत्व अभियान भी आयोजित किया जाता है इसलिए टीमों द्वारा चिकित्सा संस्थानों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण व समीक्षा भी की गई। इसके अतिरिक्त मौसमी बीमारियों, लू-तापघात व गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन संबंधी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में जिला व ब्लॉक स्तरीय टीमों द्वारा चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, प्रसूति नियोजन दिवस, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, शिशु टीकाकरण, चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा गया। साथ ही चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों एवं लू व तापघात से निपटने की तैयारियों का भी अवलोकन किया गया।

### उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार पुलिस के जवानों की रोज हो रही है गश्त

- **गश्त के दौरान दलबल से निकलते हैं सीआई गोपाल लाल जांगिड़**



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में पिछले एक सप्ताह से रोज पुलिस के जवान सायं को पैदल गश्त कर रहे हैं पुलिस के जवानों द्वारा हो रही गश्त की कस्बे के लोगों ने काफी सराहना की है ' प्राप्त समाचारों के अनुसार पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार गश्त की जा रही है ' उदयपुरवाटी पुलिस थाने के सीआई गोपाल लाल जांगिड़ दलबल के साथ शाम के समय कस्बे में पैदल गश्त। कर रहे हैं ' बुधवार को कस्बे के मुख्य बाजार, बस स्टैंड ,पुरानी सब्जी मंडी ,घाटनाला, जयपुर रोड पर जवानों ने पैदल गश्त की ' इस दौरान पुलिस थाने के सीआई गोपाल लाल जांगिड़, हेड कांस्टेबल बनवारी लाल, हेड कांस्टेबल जीवन राम, कांस्टेबल गुलशन, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे '

## जयपुर के सरकारी अस्पतालों का हाल बेहाल तो गाँव कस्बों के सरकारी अस्पताल तो राम भरोसे!

### विधायक बालमुकुंदाचार्य का आरोप गणगौरी अस्पताल में ड्यूटी रजिस्टर नहीं मिला और कई जगह स्टाफ भी नदारद !

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर के सरकारी अस्पतालों में सफ़ाई और अन्य सुविधाओं को लेकर लगातार स्थानीय नागरिकों की शिकायतें आ रही है अब जब जयपुर के अस्पतालों का ये हाल है तो गाँव कस्बों के सरकारी अस्पताल तो राम भरोसे ही चल रहे हैं जयपुर के अस्पतालों का हाल तो खुद जयपुर के भाजपा विधायक ही बता रहे हैं दरअसल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कल गणगौरी अस्पताल का निरीक्षण किया। ओपीडी और पर्ची काउंटर पर कतारें लगी मिलीं। विधायक ने बताया कि उन्हें अस्पताल में ड्यूटी रजिस्टर भी नहीं मिला और कई जगह स्टाफ भी नदारद था। कई जगह गंदगी थी और जितनी सफाई होनी चाहिए वह नहीं थी। यहां तक कि आक्सीजन प्लांट में एसी बंद मिले। जब जयपुर के सत्तारूढ़ भाजपा विधायक ही सरकारी अस्पतालों के काम से संतुष्ट नहीं हैं तो अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कितनी अनियमितताय सरकारी अस्पतालों में जयपुर तथा जयपुर के बाहर गाँव कस्बों में हो रही होगी!

### शुभ्रा सिंह पहुंचीं चाकसू के उप जिला अस्पताल, स्वास्थ्य सेवाएं जांची

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जयपुर जिले के चाकसू स्थित उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। सिंह ने यहां ओपीडी एवं आईपीडी में उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने लेबर रूम, जनरल वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आपातकालीन इकाई, ट्रोमा सेन्टर, पीडियाट्रिक सेमी आईसीयू सहित अस्पताल के सभी कक्षों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाएं देखी।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह

### पूर्व संध्या पर नन्हें-मुन्हें बच्चो ने जलाये दीप



चमकता राजस्थान

- **कल जन्मोत्सव पर होगा मुख्य समारोह**
- **भगवान परशुराम की होगी पूजा अर्चना एवं मूर्ति की प्राण प्रतिश्ठा**

**जयपुर 09 मई।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर कल अनेक आयोजन किये जायेगें। मुख्य समारोह में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एंवपरशुराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्री नगर स्थित कांवटिया सर्किल के पास पीपलेष्वर महादेव मंदिर पर प्रातः 9.00 बजे की जायेगी। जिसमें बडी संख्या में विप्रजन भाग लेगें।

सर्व ब्राह्मण महासभा के जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री ने बताया कि आज यूनिक चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के बच्चों द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित परशुराम सर्किल पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने दीप जलाये और एक दो तीन चार-परशुराम जी की जय जयकार व भगवान परशुराम जी के जयकारे लगाते हुए जयघोष किया। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष कमलेश शर्मा एवं जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि बच्चो में जन्मोत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह है और हर वर्ष सब बच्चे एकत्रित होकर यहां दीप जलाते है और भगवान के जयकारे लगाते है। इस अवसर पर पार्षद मंजू राकेश बागड़ा, बनीपार्क मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मुकेश मिश्रा, रमाकांत शांडिल्य, रोहित शांडिल्य, उदयपुर युवा संभाग अध्यक्ष अविकुल शर्मा, नीलम मिश्रा, लता शर्मा, निधि शर्मा, मनमोहन कौशिक, अरविन्द मिश्रा, सत्यवीर भारद्वाज, राजेश शांडिल्य, भरत जोशी, संजय शर्मा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गंगापुर सिटी में वारदात

### महिला को अगवा कर गैंगरेप के बाद हत्या

**चमकता राजस्थाने गंगापुर सिटी/वजीरपुर।**

\वजीरपुर थाने के खंडीप गांव में दो बदमाशों ने महिला को अगवा किया, शराब पिलाने के बाद सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया है। पति की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण, गैंगरेप और हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एसएचओ विजय सिंह ने बताया कि कुसांय गांव के जंगल में कुछ लोगों ने शव होने की सूचना दी। महिला की शिनाख्त के बाद पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। पति ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह बुधवार श्री महावीरजी गया था। घर पहुंचा तो पत्नी घर पर नहीं थी।

## जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने अपनी वॉटरप्रूफिंग रेंज आईब्लॉक के लिए आयुष्मान खुराना के साथ लॉन्च किया नया कैम्पेन

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** पर्यावरण-अनुकूल पेंट बनाने वाली देश की अग्रणी कंपनी और 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की इकाई जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने अपनी वॉटरप्रूफिंग रेंज आईब्लॉक के लिए एक नया ब्रांड कैम्पेन लॉन्च किया है। 'खूबसूरत सोच' टाइटल वाले इस कैम्पेन में बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना हर भारतीय उपभोक्ता से अपने घर की दीवारों को लेकर सरफेस कोटिंग से आगे बढ़कर सोचने का आग्रह करते नजर आते हैं, ताकि अपने घर की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ घर की दीवारों और छत को और भी खूबसूरत बनाया जा सके। यह नया कैम्पेन विभिन्न टेलीविजन चैनलों के साथ-साथ डिजिटल और सोशल प्लेटफॉर्म पर भी लॉन्च किया जाएगा।

आम तौर पर भारतीय उपभोक्ता अपने घरों की दीवारों को सजाने के प्रति बेहद सचेत रहते हैं। लेकिन इनमें से ज्यादातर लोग अपने घर की छत को पानी के रिसाव और नमी से बचाने के लिए अपनी दीवारों को वॉटरप्रूफ करने की अनिवार्य आवश्यकता को अनदेखा कर देते हैं। नया आईब्लॉक अभियान दिखाता है कि हम जीवन में किस तरह से उन चीजों और लोगों को आसानी से रोक सकते हैं, जो हमें नापसंद हैं। ठीक इसी तरह आईब्लॉक वॉटरस्टॉप रेंज के पेंट भी हमारे घर की व्यापक सुरक्षा को संभव बनाते हैं। साथ ही, यह रेंज ग्राहकों को अपने घर के हर कोने को रचनात्मक रूप से बदलने की आजादी भी देती है।

टीबीडब्ल्यूए/इंडिया द्वारा संकल्पित, इस फिल्म में ब्रांड एंबेसडर आयुष्मान खुराना को दिखाया गया है, जिसमें वे खुद को नापसंद लोगों और चीजों को रोकने का प्रयास करते हैं और साथ ही अपने नए घर में सोच-समझकर बनाई गई खूबसूरत छत को जल रिसाव से सुरक्षित करने के लिए एक सरल लेकिन प्रभावी उपाय भी बताते हैं।

जेएसडब्ल्यू पेंट्स के ज्वाइंट एमडी और सीईओ श्री ए एस सुंदरसन के अनुसार, ''हम अपने उपभोक्ताओं से आग्रह करते हैं कि वे हमेशा खूबसूरत सोचें और जब वे ऐसा करते हैं तो हम हमेशा उनके साथ होते हैं। कंपनी के इस नए ब्रांड कैम्पेन के पीछे हमारी सोच यह है कि जब कोई ग्राहक सुंदर छत का प्लान करता है, तो उसे रिसाव से बचाना सबसे बड़ी चुनौती होता है। ऐसे में जेएसडब्ल्यू पेंट्स की आईब्लॉक रेंज यह सुनिश्चित करने के लिए मौजूद है कि घर की खूबसूरती हमेशा बरकरार रहे।''

टीबीडब्ल्यूए/इंडिया के सीईओ गोविंद पांडे ने कहा, ''आप सिर्फ तभी खूबसूरत नहीं सोचते, जब आप कोई सुंदर रचना करते हैं। बल्कि जब आप सुंदर कृतियों की रक्षा करते हैं, तब भी आपकी सोच खूबसूरत होती है!''

टीबीडब्ल्यूए/इंडिया के चीफ क्रिएटिव एक्सपीरियंस ऑफिसर रसेल बैरेट ने कहा, ''जेएसडब्ल्यू पेंट्स पिछले कई सालों से इनोवेटिव आइडिया के साथ पेंट की दुनिया में बदलाव लाने के लिए कोशिशें कर रहा है। अपने इस नए कैम्पेन के साथ ब्रांड ने एक उत्तेजक सवाल पूछा - क्या यह अच्छा नहीं होगा कि जीवन में और अधिक परेशानियों को उसी तरह से रोका जा सके जैसे कि आईब्लॉक वॉटरप्रूफिंग रेंज जल रिसाव को रोकती है और हमारे घरों को मौसम से बचाती है? फिल्म में बेहद दिलचस्प अंदाज में यही दिखाया गया है कि किस तरह आईब्लॉक वॉटरप्रूफिंग रेंज हमारे घरों को बाहरी परेशानियों से बचाती है, दुर्भाग्य से अंदर की परेशानियों से नहीं।''

जेएसडब्ल्यू पेंट्स की आईब्लॉक वॉटर स्टॉप रेंज दरअसल उपभोक्ताओं को अपने घरों को पूरे भरोसे के साथ वॉटरप्रूफ करने के लिए एक प्रभावी सॉल्यूशन प्रदान करती है। चूंकि रिसाव और नमी की चिंताएँ आम हैं, इसलिए आईब्लॉक वॉटर स्टॉप रेंज आपकी दीवारों के लिए बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है और इस तरह वे लंबे समय तक कायम रहती हैं। आईब्लॉक वॉटर स्टॉप 3के प्रोडक्ट बेहतरीन वॉटरप्रूफ कोटिंग के लिए एक क्रांतिकारी थ्री-कम्पोनेंट क्रिस्टलाइन वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशन है। इस रेंज की क्षमता आंतरिक, बाहरी, दरारों और छतों तक फैली हुई है, जो दरारों को पाटने और इससे जुड़ी सभी चिंताओं का समाधान करती है। इस तरह यह सुनिश्चित किया जाता है कि आपकी दीवारें हमेशा बेदाग और सुरक्षित रहें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929